

# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,गुरुवार 26 मार्च 2026 ■ चैत्र शुक्ल पक्ष-08 ■ वर्ष -41 ■ अंक-352 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 27 मार्च 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये

## 2 फर्मों पर जीएसटी का छापा मिले फर्जी बिलिंग के सुराग

**रायपुर,26 मार्च।** रायपुर में जीएसटी विभाग ने अन्नपूर्णा कॉम्प्लेक्स स्थित लक्ष्मी कमर्शियल और एसआरएस ट्रेडर्स पर छापेमारी की। बोगस बिलिंग और टैक्स चोरी की शिकायत पर की गई इस कार्रवाई में कई संदिग्ध दस्तावेज और डिजिटल डेटा जब्त किए गए हैं। राजधानी रायपुर में गुरुवार सुबह राज्य जीएसटी विभाग ने टैक्स चोरी और फर्जी बिलिंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए भैंसथान स्थित अन्नपूर्णा कॉम्प्लेक्स में छापेमारी की। इस कार्रवाई से व्यापारिक क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार, विभाग की लगभग 10 अधिकारियों की टीम इस ऑपरेशन में शामिल है। टीम एक साथ दो फर्मों-लक्ष्मी कमर्शियल और एसआरएस ट्रेडर्स के चार अलग-अलग ठिकानों पर जांच कर रही है। यह समन्वित कार्रवाई पहले से तैयार योजना के तहत की गई, ताकि किसी भी प्रकार के साक्ष्य नष्ट न किए जा सकें। सूत्रों के मुताबिक, विभाग को इन फर्मों के खिलाफ



लंबे समय से जीएसटी चोरी और फर्जी बिलिंग की शिकायतें मिल रही थीं। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि बिना वास्तविक लेन-देन के बड़े पैमाने पर बिल जारी किए जा रहे थे, जिससे टैक्स की चोरी की जा रही थी। छापेमारी के दौरान अधिकारियों ने बड़ी मात्रा में दस्तावेज, कंप्यूटर हार्ड डिस्क, लैपटॉप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए हैं। इनमें कई संदिग्ध बिल और ट्रांजेक्शन रिकॉर्ड मिले हैं, जिनकी अब बारीकी से जांच की जा रही है। अधिकारियों के अनुसार, शुरुआती जांच में ही बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी के संकेत मिले हैं। हालांकि, पूरे मामले का खुलासा दस्तावेजों और डिजिटल डेटा के विस्तृत विश्लेषण के बाद ही किया जाएगा। छत्तीसगढ़ जीएसटी विभाग अब टैक्स चोरी रोकने के लिए आधुनिक तकनीकों का सहारा ले रहा है। विभाग संदिग्ध लेन-देन, असामान्य बिलिंग पैटर्न और रिटर्न में गड़बड़ी पकड़ने के लिए डेटा एनालिटिक्स और सर्विलांस टूल्स का इस्तेमाल कर रहा है। इसी तकनीकी निगरानी के आधार पर इस छापेमारी की कार्रवाई की गई।



रायपुर। ऐतिहासिक महामाया मंदिर में आज अष्टमी पर हवन किया गया।

### वंदे भारत में परोसा खराब खाना आईआरसीटीसी पर 10 लाख व एजेंसी पर 50 लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली,26 मार्च।** भारतीय रेलवे ने यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बड़ी करवाई की है. रेलवे ने अपनी ही कंपनी इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन (आईआरसीटीसी) पर शिकंजा कसते हुए 10 लाख का जुर्माना ठोका है. जानकारी के मुताबिक 15 मार्च 2026 को ट्रेन संख्या 21896 (पटना – टाटानगर वंदे भारत एक्स) में पाई गई अनियमितता के संबंध में यात्री द्वारा भोजन की गुणवत्ता पर की गई शिकायत को गंभीरता से लिया गया है. कार्रवाई करते हुए आईआरसीटीसी पर ₹10 लाख का दंड लगाया गया है. संबंधित सर्विस प्रोवाइडर पर ₹50 लाख का जुर्माना और कॉन्ट्रेक्स टर्मिशन के आदेश दिए है. भारतीय रेलवे के प्रवक्ता ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा एवं गुणवत्ता हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है.बता दें कि भारतीय रेलवे, आईआरसीटीसी के माध्यम से, अपने विशाल नेटवर्क में प्रतिदिन 15 लाख से अधिक यात्रियों को भोजन परोसता है.

### बस पद्मा नदी में समाई 23यात्रियों की मौत

**ढाका,26 मार्च।** बांग्लादेश में एक यात्री बस पद्मा नदी में गिर गई। हादसे में अब तक 23 लोगों की मौत हो गई है। 11 यात्रियों ने तैरकर अपनी जान बचा ली। बस में करीब 40 लोग सवार थे। हादसा बुधवार शाम को हुआ। हादसा राजबाड़ी जिले में दाउलादिया टर्मिनल पर हुआ। बस फेरी पर चढ़ रही थी। इसी दौरान ड्राइवर का कंट्रोल छूट गया और बस सीधे नदी में जा गिरी। बांग्लादेश में बसों और गाड़ियों को नदी पार कराने के लिए फेरी का इस्तेमाल होता है। यह एक बड़ी नाव या जहाज जैसा होता है। बांग्लादेश में एक यात्री बस के नदी में गिर जाने से 23 लोगों की मौत हो गई. लापता लोगों की तलाश जारी हैं. सेना, पुलिस, अग्निशमन सेवा और तटरक्षक बल की टीमें मिलकर यह तलाशी अभियान चला रही हैं. रेस्क्यू टीम ने 'हमजा' नाम के जहाज की मदद से करीब 6 घंटे की मशक्कत के बाद आधी रात को बस को बाहर निकाला। इसमें 21 शव मिले, जबकि गोताखोरों ने पहले ही दो महिलाओं के शव बरामद कर लिए थे।

### 13 गायों को हाईवा ने कुचला

**जांजगीर-चांपा,26 मार्च।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर चांपा से एक बार फिर तेज रफ्तार का खौफनाक मंजर सामने आया है, जहां बेजुबान जानवरों पर मौत बनकर टूटी एक बेलगाम हाईवा। मुलमुला थाना क्षेत्र के आरस मेटा मोड़ पर बीती रात उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब तेज रफ्तार हाईवा ने सड़क किनारे मौजूद 13 गायों को अपनी चपेट में ले लिया। इस दर्दनाक हादसे में 10 गायों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाकी गंभीर रूप से घायल बताई जा रही हैं। घटना के बाद इलाके में गुस्सा और मातम का माहौल हैङ्क स्थानीय लोगों ने सड़क सुरक्षा और प्रशासन की लापरवाही पर गंभीर सवाल उठाए हैं। बताया जा रहा है कि हादसे में शामिल वाहन का नंबर CG 22 U 8111 है। घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस जुट गई है। अब सवाल ये है कि आखिर कब थमेगी रफ्तार का ये कहर? कब तक यूं ही सड़कों पर बेजुबान जानवरों की जान जाती रहेगी? प्रशासन की सख्ती कब दिखेगी?

## स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में इंडिया समेत 5 देशों के जहाजों को नहीं रोक रहे : ईरान

**तेहरान,26 मार्च।** मिडिल ईस्ट में जारी तनाव और गैस-तेल की किल्लत के बीच ईरान से भारत के लिए खुशखबरी आई है। खाड़ी देशों से गैस और तेल लेकर स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के रास्ते भारत आने वाले जहाजों को ईरान नहीं रोकेगा। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने इसकी जानकारी दी है। ईरान के विदेश मंत्री अराघची ने कहा कि भारत समेत पांच देशों के लिए स्ट्रेट ऑफ होर्मुज खुला है। भारत समेत पांच मित्र देशों के जहाजों को सुरक्षित रास्ता दिया जा रहा है। अब्बास अराघची ने स्पष्ट किया है कि रणनीतिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पूरी तरह बंद नहीं है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि, "हमने चीन, रूस, भारत, इराक और पाकिस्तान जैसे मित्र देशों के लिए स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजरने की अनुमति दे दी है। ईरान की तरफ से ये ऐलान संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस की उन टिप्पणियों के बाद आया है, जिसमें उन्होंने होर्मुज को खोलने की बात कही थी। अराघची के मुताबिक होर्मुज सिर्फ दुश्मन देशों के लिए बंद है, लेकिन बाकी देशों के लिए खुला है। अराघची ने कहा कि हम युद्ध की स्थिति में हैं, इसलिए अपने दुश्मनों और उनके सहयोगियों के जहाजों को गुजरने देने का कोई कारण नहीं है। उन्होने कहा कि कई जहाज मालिकों या उन देशों, जिनके ये जहाज हैं, ने हमसे संपर्क किया है और अनुरोध किया है कि हम होर्मुज से उनके जहाजों को सुरक्षित गुजरने को सुनिश्चित करें। इनमें से कुछ देशों के लिए, जिन्हें हम मित्र मानते हैं, या ऐसे मामलों में जहां हमने अन्य कारणों से ऐसा करने का फैसला किया है, हमारी सेनाओं ने सुरक्षित मार्ग प्रदान किया है। आपने खबरों में देखा होगा- चीन, रूस, पाकिस्तान, इराक, भारत (इंडिया के दो जहाज कुछ दिन पहले गुजरे थे) और कुछ अन्य देश, मेरा मानना है कि बांग्लादेश भी, ये वे हैं जिन्होंने हमसे बात की और हमारे साथ तालमेल बिठाया। यह भविष्य में भी जारी रहेगा, युद्ध के बाद भी।

**अमेरिका के साथ कोई बातचीत नहीं हो रही**-उन्होंने यह भी दोहराया कि अमेरिका के साथ कोई औपचारिक बातचीत नहीं हो रही है। उनके मुताबिक, मध्यस्थों के जरिए संदेशों का आदान-प्रदान बातचीत नहीं कहलाता। सरकारी टेलीविजन से बात करते हुए अराघची ने साफ किया कि बैकचैनल से संदेशों का आदान-प्रदान करना औपचारिक कूटनीति नहीं है। उन्होंने दोटूक शब्दों में कहा, 'अमेरिका के साथ कोई बातचीत नहीं हो रही है।

**ईरान अपनी शर्तों पर ही करेगा सीजफायर**-ईरानी मंत्री ने आगे कहा कि ईरान ने अपनी मजबूती का प्रदर्शन किया है और दुनिया को यह दिखा दिया है कि कोई भी देश उसकी सुरक्षा को खतरा नहीं पहुंचा सकता है।

## क्रिमिनल सिंडिकेट बनाकर कांग्रेस ने किया करप्शन: साव

**रायपुर,26 मार्च।** आबकारी विभाग में मैनपावर का ठेका एक ही एजेंसी को देने के आरोप पर डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा, कांग्रेस ने राज्य में अराजकता पैदा किया, क्रिमिनल सिंडिकेट बनाकर करप्शन किया, उन्हें हर जगह वही दिखता है। छत्तीसगढ़ में विष्णु देव साय की सरकार है। जहां जो भी टेंडर कार्रवाई हो रही है, नियम के अनुसार है। कांग्रेस बेबुनियाद आरोप लगाना बंद करे। महादेव सट्टा एप मामले में हो रही कार्रवाई पर डीसीएम अरुण साव ने कहा, छत्तीसगढ़ को बर्बाद करने का काम कांग्रेस में हुआ था। लगातार कार्रवाई हो रही है। इन्वेस्टिगेशन का हिस्सा है प्रॉपर्टी का सीज होना, करप्शन के नए तौर-तरीके कांग्रेस ने अपनाए थे। हमारी सरकार मजबूत कार्रवाई कर रही है। नए साइबर थाने भी बनाने का काम चल रहा है। नक्सलवाद के खात्मे पर डीसीएम साव ने कहा, देश को नक्सलमुक्त बनाने का संकल्प है, जिस पर सरकार काम कर रही है। बस्तर में खुशहाली और तरक्की आएगी।



लोगों के जीवन में बदलाव लाने के लिए लगातार प्रयास हो रहे हैं। घड़ी चौक, तेलीबांधा, गौरव पथ और पंडरी में फ्लाईओवर के निर्माण को लेकर कांग्रेस के आरोपों पर साव ने कहा, इस तरह की कोई बात नहीं है। योजना स्वीकृत है, रायपुर में तरक्की हो, यातायात सुगम हो, इसके लिए सरकार ठोस और मजबूत योजना बनाकर काम कर रही है।

## पूर्व मंत्री के काफिले की फॉलो गाड़ी ने बाइक को मारी टक्कर, दो युवकों की मौत

**जगदलपुर,26 मार्च।** बस्तर में वीआईपी मूवमेंट की जल्दबाजी ने दो घरों के चिराग बुझा दिए। राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर हुआ ये हादसा सिर्फ एक्सीडेंट नहीं, बल्कि रफ्तार की लापरवाही की खौफनाक तस्वीर बनकर सामने आया है। बताया जा रहा है कि



पूर्व मंत्री के काफिले की फॉलो गाड़ी रायपुर से जगदलपुर आ रही थी, फॉलो गाड़ी लेट हो गई थी। काफिले को कवर करने के चक्कर में गाड़ी काफी पीछे छूट गई थी, यही वजह रही कि चालक ने तेज रफ्तार गाड़ी चलाते हुए बाइक को टक्कर मारी, जिससे दो युवकों की मौत हो गई। घटना का सीसीटीवी फुटेज में आया है, जिसमें साफ दिख रहा है कि गाड़ी किस रफ्तार में दौड़ रही थी। यह घटना बस्तर थाना क्षेत्र के बालेंगा पेट्रोल पंप के पास की है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं दूसरा युवक उछलकर सामने जा गिरा। बाइक सामने से आ रहे ट्रक में जा फंसा, अस्पताल ले जाते वक्त दूसरे युवक ने भी दम तोड़ दिया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। गुस्साए ग्रामीणों ने वाहन चालक को घेर लिया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू में लिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि तेज रफ्तार और संतुलन बिगड़ने से हादसा हुआ, लेकिन सवाल ये है कि वीआईपी काफिले की सुरक्षा में आम लोगों की जान क्यों दांव पर लगाई जा रही है? अब पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है, लेकिन इस हादसे ने एक बार फिर वीआईपी कल्चर और सड़क सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## टक्कर के बाद हाईवा-बस में आग,जिंदा जल गए 10 लोग

**हैदराबाद,26 मार्च।** आंध्र प्रदेश में भीषण सड़क हादसा हुआ है। आंध्र प्रदेश के मार्कपुरम जिले में सड़क हादसे में 10 लोगों जिंदा जलकर मौत हो गई। रायवरम के पास लकड़ी की खदानों के नजदीक हाईवा ने प्राइवेट बस को टक्कर मार दी। हादसे के बाद दोनों गाड़ियों में आग लग गई। इसमें बस में सवार 10 लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। घायलों को पास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना के समय बस में कितने लोग सवार थे, इसकी अभी पुष्टि नहीं हो पाई है। पुलिस का कहना है कि मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंदबाबू नायडू ने इस बस हादसे पर दुख जताया है। नायडू ने मार्कापुरम जिले के रायवरम के पास हुई इस सड़क दुर्घटना पर गहरा दुख और शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से बात की और स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने घायलों को दिए जा रहे चिकित्सा उपचार के बारे में भी जानकारी ली। जानकारी के अनुसार, हादसा



तेज रफ्तार की वजह से हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि हरिकृष्णा ट्रैवल्स की बस तेलंगाना के निर्मल से नेल्लोर जा रही थी। रायवरम के पास बस को ट्रक ने टक्कर मार दी जिसके बाद वो डिवाइडर से टकराकर पलट गई। बस में अचनाक आग लग गई, जिससे उसमें सवार लोगों को भागने का मौका नहीं मिला। हादसे में 10 लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। वहीं हादसे के बाद हाईवा में भी आग लग गई। बताया जा रहा है कि हरिकृष्णा की निजी ट्रैवल बस में करीब 40 यात्री सवार थे। इनमें से 10 की जलकर मौत हो गई। 12 अन्य मामूली रूप से घायल हुए हैं। वहीं, करीब 20 लोगों को गंभीर चोटों के साथ अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन वाहनों पर काबू पाने से पहले ही वे पूरी तरह जलकर राख हो गए। पता चला है कि दुर्घटना में मरने वालों में ज्यादातर कनिगिरी और पामुर इलाकों के निवासी थे। स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुंचे और घायलों को एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया।

**नक्सलवाद की समाप्ति पर बृजमोहन ने दी मोदी और शाह को दी बधाई**

## अब छत्तीसगढ़ बनेगा विकसित राज्य आदिवासी क्षेत्रों तक पहुंचेगी मूलभूत सुविधाएं

**रायपुर,26 मार्च।** देश-प्रदेश के नक्सलवाद की समाप्ति पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को बधाई दी. इसके साथ कहा कि पूरे देश को नक्सलवाद से मुक्त करने का संकल्प पूरा होने की ओर है. छत्तीसगढ़ बनने के बाद विकास की किरणें पहुंचीं, लेकिन नक्सलवाद अवरोध बना रहा. नक्सलवाद खत्म होने के बाद प्रदेश तेजी से विकसित राज्य बनेगा. सुदूर और आदिवासी क्षेत्रों तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचेगी.



सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने मीडिया से चर्चा में मिडिल ईस्ट युद्ध पर विपक्ष की राजनीति को लेकर कहा कि हर स्थिति का सामना करने के लिए देश को तैयार रहना होगा. कोरोना की तरह पूरे देश ने एकजुट होकर जीत हासिल की, वैसे ही आगे भी करेंगे. आपदा में अवसर तलाशने वाले, ब्लैक मार्केटिंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए. देश एक है. विपक्ष को राजनीति छोड़कर जनता का हौसला बढ़ाना चाहिए. वहीं बस्तर में फोर्स की तैनाती को लेकर केंद्र द्वारा राशि मांगे जाने पर कांग्रेस के सवाल उठाए जाने पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस के समय में तो स्थिति ठनठन गोपाल की थी. आज डबल नहीं, ट्रिपल इंजन सरकार चल रही है. अगर कहीं दिक्कत होगा तो मिलकर समान करेंगे. कांग्रेस को चिंता करने की जरूरत नहीं है. पैसा देश का है, केंद्र जरूरत पड़ने पर कंपनसेट करेगा. पहले प्रदेश को कुछ नहीं मिलता था, अब 50 हजार करोड़ तक की राशि मिल रही है. वहीं विधानसभा में गलत जानकारी देने वाले अधिकारियों को लेकर सांसद ने कहा कि ऐसे अधिकारियों पर सख्त रुख अपनाना चाहिए. कार्रवाई विधायकों की सजगता और सक्रियता पर निर्भर है. गलत जानकारी देने वालों को ठिकाने लगाया जा सकता है. मंत्री और विधायकों को जागरूक और सतर्क रहना होगा. गुमराह करने या गलत जानकारी देने पर कड़ी कार्रवाई संभव है. अन्य राज्यों में तो अधिकारियों को कटघरे में खड़ा किया जाता रहा है.

## प्रभु राम के आशीर्वाद से पूरा होगा ' विकसित भारत ' का संकल्पः मोदी

**नई दिल्ली,26 मार्च।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राम नवमी के अवसर पर नागरिकों को शुभकामनाएं दीं और सभी के कल्याण की कामना करते हुए आशा व्यक्त की कि भगवान राम का आशीर्वाद देश को 'विक्षित' और 'आत्मनिर्भर भारत' के लक्ष्य की ओर मार्गदर्शन करेगा। राम नवमी भगवान राम के जन्म का प्रतीक है, जिन्हें हिंदू धर्म में भगवान विष्णु के सातवें अवतार के रूप में पूजा जाता है। यह त्योहार नौ दिवसीय चैत्र नवरात्रि के दौरान पड़ता है और सत्य, करुणा और धर्म जैसे मूल्यों पर चिंतन करने का समय है। एक संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि देश भर में मेरे देशवासियों को राम नवमी के अवसर पर असीम शुभकामनाएं। मर्यादा पुरुषोत्तम के त्याग, तपस्या और संयम से भरे जीवन से हमें प्रेरणा मिलती है कि हम हर परिस्थिति का पूरी शक्ति से सामना करें। उन्होंने आगे कहा कि उनके आदर्श न केवल भारत की जनता बल्कि समस्त मानवता का अनंत काल तक मार्गदर्शन करते रहेंगे। मेरी कामना है कि भगवान राम की कृपा से सभी का कल्याण सुनिश्चित हो और विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के हमारे संकल्प की पूर्ति का मार्ग प्रशस्त हो। भगवान राम को धर्म, सत्य और कर्तव्य का प्रतीक माना जाता है और उनका जीवन लाखों लोगों को नैतिक आचरण और मूल्यों के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता रहता है। उन्हें अक्सर आदर्श शासक और मनुष्य के रूप में देखा जाता है, जो सद्गुण, अनुशासन और न्याय का प्रतीक हैं। इस अवसर पर, देश भर के मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रार्थना करने और अनुष्ठानों में भाग लेने के लिए एकत्रित हुए। इन अनुष्ठानों में आमतौर पर उपवास, भक्ति गीत, रामायण पाठ और धार्मिक जुलूस शामिल होते हैं। आज सुबह प्रधानमंत्री ने चैत्र नवरात्रि के आठवें दिन, जो देवी महागौरी को समर्पित है, की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने फेसबुक पेज पर लिखा कि मां महागौरी के चरणों में लाखों प्रणाम! उनकी दिव्य आभा सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की प्राप्ति करे। महागौरी, जो नवरात्रि के दौरान महा अष्टमी पर पूजी जाने वाली देवी दुर्गा का आठवां रूप हैं, पवित्रता, शांति और कृपा का प्रतीक हैं। परंपरागत रूप से उन्हें तेजस्वी श्वेत रंग में बैल पर सवार दिखाया जाता है और ऐसा माना जाता है कि वे पापों को धोकर भक्तों को शांति, समृद्धि और कल्याण का आशीर्वाद देती हैं।

# निगम भिलाई की सामान्य सभा में 851.28 करोड़ का बजट पास

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 26 मार्च।** नगर पालिक निगम भिलाई की विशेष बजट सभा का आयोजन सभागार कक्ष में राष्ट्रगान के साथ किया गया। इसके पश्चात महापौर नीरज पाल ने सभापति गिरवर बंटी साहू एवं सदन के समक्ष वर्ष 2026-27 का बजट प्रस्तुत किया। अपने अभिभाषण में उन्होंने कार्यकाल की उपलब्धियों एवं आगामी वित्तीय वर्ष की जनहितैषी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए निगम का कुल अनुमानित बजट 851 करोड़ 67 लाख 47 हजार रुपए निर्धारित किया गया है। इसमें प्रारंभिक शेष राशि 180 करोड़ 60 लाख 74 हजार एवं




अनुमानित आय 670 करोड़ 67 लाख 73 हजार शामिल है। इसके विरुद्ध 740 करोड़ 23 लाख 32 हजार रुपए के व्यय का प्रावधान रखा गया है, जबकि 111 करोड़ 05 लाख 15 हजार रुपए अंतिम शेष के रूप में अनुमानित है। बजट में भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं का समावेश किया गया है, जिनसे शहर के समग्र विकास को नई दिशा मिलेगी। पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से कचांदुर में 189.57 करोड़ रुपए की लागत से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माणाधीन है। इसके अलावा 60 करोड़ रुपए की लागत से सी.पी.जी. प्लांट की स्थापना प्रस्तावित है, जिसकी क्षमता प्रतिदिन 100 से 150 टन कचरे के प्रसंस्करण की होगी। शहर के बुनियादी ढांचे के विकास हेतु 22.50 करोड़ रुपए से अत्याधुनिक साइंस सेंटर, 4.97 करोड़ से स्विमिंग पूल, 4.99 करोड़ से रनिंग ट्रैक एवं 1.99 करोड़ से स्केटिंग ट्रैक निर्माण की योजना शामिल है। वहीं, हुडको क्षेत्र में 21.56 करोड़ रुपए से सीवरेज व्यवस्था सुधार कार्य प्रस्तावित है। व्यावसायिक एवं शैक्षणिक विकास को ध्यान में रखते हुए 6.38 करोड़ रुपए से जवाहर मार्केट उन्नयन एवं 11.42 करोड़ रुपए से नालंदा परिसर के विकास का प्रावधान किया गया है। बजट में सड़क निर्माण एवं चौड़ीकरण, सीवरेज लाइन, नाला निर्माण, बेहतर प्रकाश व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, दूषित जल निकासी एवं उद्यानों के सौंदर्यीकरण जैसे कार्यों को प्राथमिकता दी गई है। बैठक के दौरान वर्ष 2025-26 के व्यय पर पार्षदों द्वारा उठाई गई आपत्तियों का समाधान निगम आयुक्त एवं लेखाधिकारी द्वारा प्रस्तुत किया गया। विस्तृत चर्चा के बाद सदन ने बजट को सर्वसम्मति से पारित कर दिया, जिसे अब राज्य शासन को भेजा जाएगा। इस अवसर पर निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह, महापौर परिषद के सदस्य, पार्षदगण एवं निगम के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### बच्ची की मौत,बाइक चालक पर जुर्म दर्ज



**भिलाई,26 मार्च (तछसं.)।** भिलाई नगर थाना क्षेत्र में एक हृदय विदारक सड़क हादसे में 2 वर्ष की मासूम बच्ची की मौत हो गई। पुलिस बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है भिलाई नगर टीआई जितेन्द्र वर्मा ने बताया कि 23 मार्च की सुबह करीब 10 बजे सेक्टर-07 एवेन्यु ए रोड निवासी (2 साल ) काशवी घर के सामने खेल रही थी इसी दौरान एक तेज रफ्तार और लापरवाही से चल रही मोटर साइकिल ने उसे अपनी चपेट में ले लिया इस हादसे में बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई परिजनों ने तत्काल काशवी को सेक्टर-09 अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान सुबह करीब 11.12 बजे उसकी मौत हो गई घटना की सूचना मिलते ही भिलाई नगर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की जांच के दौरान मृतका के परिजनों के बयान और अन्य साक्ष्यों के आधार पर यह स्पष्ट हुआ कि बाइक चालक की तेज रफ्तार और लापरवाही से हादसा हुआ। इस मामले में भिलाई नगर थाने पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ धारा 281, 125 (ए), 106(1) बीएनएस एवं 184 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

### आनलाइन सट्टा, कई लोग गिरफ्तार



**भिलाई,26 मार्च (तछसं.)।** भिलाई जामुल में किराए के मकान में संगठित तरीके से एक करोड़ से अधिक का ऑनलाइन सट्टा मामले में जब्त पासपोर्ट के आधार पर क्राइम ब्रांच व जामुल थाने लिस मास्टर माइंड को पकड़ने की कोशिश में जुट गई है। यह भी आशंका जताई जा रही है कि उसके तार महादेव पैनल से संचालकों के भी जुड़े हो सकते हैं फिलहाल इस दिशा में पुलिस आगे बढ़ रही है ताकि उसे आगे की चेन को भी पकड़ा जा सके गौरतलब हो कि थाना जामुल क्षेत्र अंतर्गत नालंदा स्कूल के पीछे सुंदर विहार कॉलोनी फेस-2 स्थित एक किराए के मकान में संगठित ऑनलाइन सट्टा गिरोह के संचालन की सूचना मिली। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी, जहां आरोपियों को ऑनलाइन सट्टा संचालन करते हुए पकड़ा गया। जांच में पाया गया कि आरोपियों द्वारा ड्रैगन टाइगर, अंदर-बाहर, तीन पत्ती, टेनिस, फुटबॉल एवं रूलेट जैसे खेलों पर ऑनलाइन सट्टा संचालित किया जा रहा था। ग्राहकों को इंस्टाग्राम एवं व्हाट्सएप के माध्यम से जोड़कर आईडी उपलब्ध कराई जाती थी तथा मोबाइल एवं लैपटॉप के माध्यम से सट्टा खिलाया जाता था क्राइम इस मामले में जांच की जा रही है आने वाले दिनों में और खुलासे होने की संभावना है।

### सट्टा पट्टी लिखते पांच गिरफ्तार



**भिलाई,26 मार्च (तछसं.)।** पुरानी भिलाई क्षेत्र के नूतन चौक के पास सट्टा संचालित करते 5 आरोपियों को क्राइम ब्रांच ने दबिश देकर पकड़ा। उनके कब्जे से कुल 1.67 लाख नगद समेत मोबाइल, सट्टा पट्टी पर्ची एवं रजिस्टर जब्त किया है पुरानी भिलाई टीआई अंबर सिंह भारद्वाज ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि नूतन चौक शिव मंदिर के पास भिलाई-03 क्षेत्र में कुछ व्यक्तियों द्वारा अंकों के आधार पर रुपए-पैसे का हार-जीत का दांव लगाकर सट्टा-पट्टी खेला एवं खिलाया जा रहा है सूचना पर थाना पुरानी भिलाई एवं क्राइम टीम की संयुक्त कारर्वाई करते हुए मौके पर दबिश दी दबिश के दौरान आरोपियों राजेश कुमार सचदेव (54 साल ) निवासी नूतन चौक भिलाई-03, रवि बिसाई (39 साल ) निवासी गणेश मंदिर रोड खुर्सीपार, मानसिंग यादव (45 साल ) निवासी दंतेश्वरी मंदिर चौक ग्राम देवबलौदा, मोहन साहू (36 साल ) निवासी बालाजी नगर खुर्सीपार व धर्मेश सोनी (39 साल ) निवासी नूतन चौक भिलाई-03 को मौके पर सट्टा संचालित करते हुए पकड़ा गया आरोपियों के कब्जे से सट्टा पट्टी पर्ची, डायरी / रजिस्टर, मोबाइल, कैलकुलेटर, डॉट पेन एवं नगदी राशि जब्त की। इस प्रकरण में मामले में धारा 06, 07 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम एवं धारा 112 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की है ।

# पंडरिया क्षेत्र के गन्ना किसानों से आखिर सौतेला व्यवहार क्यों: रवि चंद्रवंशी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,26 मार्च।** कवर्धा ज़िला गन्ना व गुड की मिठास के लिए जाना जाता रहा है ज़हाँ किसान गन्ने की खेती कर अपना जीवन यापन बड़े ही ख़ुशहाल तरीक़े से कर रहे है, ज़िले में गन्ने का उत्पादन इतना है कि 2 सहकारी शक्कर कारख़ाना की साथ साथ लगभग 400 से अधिक गुड फ़ैक्ट्रिया संचालित हो रही है पर पंडरिया शक्कर कारख़ाना में गन्ना बेचने वाले किसानों की समस्या बढ़ती जा रही हैकिसान कांग्रेस ज़िला अध्यक्ष किसान नेता रवि चन्द्रवंशी ने पंडरिया शक्कर कारख़ाना में भुगतान पर हो रही देरी पर भाजपा सरकार पर किसानों के साथ सौतेला व्यवहार का आरोप लगाया है , चन्द्रवंशी में कहा कि एक ओर जहां



भोरमदेव (कवर्धा) कारख़ाना में गन्ना किसानों को पूर्ण भुगतान हो गया है तो दूसरी ओर पंडरिया कारख़ाना में मूल भुगतान 26 करोड़ रुपये से भी अधिक का भुगतान लंबित है जिससे हमारे क्षेत्र के किसानो को बहुत सी समस्याओं से गुजरना पड़ रहा है , शादियो का सीजन है किसानों को अपने दैनिक कार्यों के लिए साहूकारो से कर्ज लेना पड़ रहा है ज़िला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष रवि चन्द्रवंशी ने किसान हित में बात रखते हुए शासन प्रसाशन को 10 दिवस में गन्ना किसानों के पूर्ण भुगतान की माँग की है यदि तय समय पर भुगतान नहीं हुआ तो किसानों के साथ मिलकर अनिश्चितक़ालीन चक्का जाम करने की बात कही कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नवीन जायसवाल, रवि चंद्रवंशी, घनश्याम साहू, सुभाष गिरी, सुरेश चंद्राकार, बीरेंद्र,सत्रुहन चंद्रवंशी,धनीराम, जित्तू ,प्रकाश पटेल,त्रिलोक निर्मलकर, गोविंद, राजकुमार ,दिनेश पटेल, जलेश, सुखचंद, भुवनेश्वर,तिलक, कृष्णा, राजू यादव, सुशैन, कोमल, रोहित, रंजीत, मोती, अलेखचंद, अमन, आशीष, प्रदीप, अनिमेष, खोवाराम, शेखर, पुस्कर सिंह, राजेंद्र, जितेंद्र, रामचंद राहुल सहित सैकड़ों किसान भाई उपस्थित थे



**कवर्धा,26 मार्च।** मां शीतला मंदिर पोड़ी में श्रद्धालुओं ने की पूजा



**कवर्धा,26 मार्च।** महामाया मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता




**कवर्धा,26 मार्च।** मां विंध्यवासिनी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़

# बीएसपी बॉक्सिंग क्लब यूथ व जूनियर दोनों वर्गों में चैंपियन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 26 मार्च।**17वीं राज्य स्तरीय यूथ एवं जूनियर (बालक-बालिका) बॉक्सिंग चैंपियनशिप में बीएसपी बॉक्सिंग क्लब ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यूथ एवं जूनियर दोनों वर्गों में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। यूथ वर्ग में बीएसपी टीम ने 34 अंकों के साथ चैंपियनशिप अपने नाम की। इस वर्ग में वाई. उमेश को 'बेस्ट बॉक्सर' चुना गया। व्यक्तिगत स्पर्धाओं में गिरवान सिंह (50-55 किग्रा), वाई. उमेश (55-60 किग्रा), गौतम सिंह (60-65 किग्रा) एवं डी. साई किरण (70-75 किग्रा) ने स्वर्ण पदक प्राप्त किए। वहीं पुरेंद्र भाई पटेल ने 47-50 किग्रा वर्ग में रजत पदक हासिल किया। जूनियर वर्ग में भी बीएसपी टीम ने 14 अंकों के साथ टीम चैंपियनशिप जीती। इस वर्ग में शिवदीप राय ने 'बेस्ट बॉक्सर' का खिताब जीतते हुए 46-48 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। इसके अलावा चितेश्वर (50-52 किग्रा) एवं नमन कुमार साहू (57-60 किग्रा) ने भी स्वर्ण पदक अर्जित किए।

### भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा में नासिर को मिला जिला महामंत्री का पद



**भिलाई, 26 मार्च।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा, भिलाई जिला द्वारा अब्दुल नासिर को जिला महामंत्री पद पर नियुक्त किया गया है। उनकी इस नियुक्ति से पार्टी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों में हर्ष एवं उत्साह का माहौल व्याप्त है। इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए अब्दुल नासिर भाई को बधाई प्रेषित की गई। लेखन कार्य में उनकी विशेष दक्षता तथा सामाजिक एवं राजनीतिक विषयों पर गहरी समझ उन्हें संगठन में एक विशिष्ट पहचान प्रदान करती है। वे लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी के एक निष्ठावान, सक्रिय एवं कर्मठ कार्यकर्ता के रूप में कार्य करते हुए संगठन को निरंतर मजबूती प्रदान करते आए हैं।

# वेदों के बिना भारतीय शिक्षा अधूरी:आचार्य शर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 26 मार्च।** स्व. दाऊ रामचंद्र साहू शासकीय महाविद्यालय रानीतराई में भारतीय ज्ञान परम्परा एवं वैदिक संस्कृति विषय पर आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षाविद एवं पूर्व प्राचार्य आचार्य डॉ. महेश चन्द्र शर्मा ने कहा कि वेदों के बिना भारतीय शिक्षा अधूरी है। उन्होंने बताया कि भारत ज्ञान-विज्ञान की समृद्ध परंपरा वाला देश है, जिसकी रोशनी पूरे विश्व में फैली है। उन्होंने कहा कि हमारे ऋषि-मुनियों ने न केवल स्वयं को बल्कि पूरे विश्व को जागृत किया, इसलिए भारत को जगदुरु कहा जाता




है। उन्होंने वेद, उपनिषद, रामायण, महाभारत, गीता और कालिदास की रचनाओं को भारतीय संस्कृति की आत्मा बताते हुए कहा कि इन्हीं के कारण विश्व में भारत की विशिष्ट पहचान बनी हुई है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में उन्होंने उपनिषद का संदेश उद्धृत करते हुए कहा कि असत्य से सत्य की ओर, अंधकार से प्रकाश की ओर और मृत्यु से अमरता की ओर ले जाने वाली शिक्षा ही सच्ची शिक्षा है। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य एवं गणितज्ञ डॉ. अरुण कुमार मिश्र ने की। चंदन गोस्वामी एवं सहसंयोजक अम्बिका ठाकुर बर्मन ने आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संचालन आराधना देवांगन तथा आभार प्रदर्शन अम्बिका ठाकुर बर्मन ने किया। इस अवसर पर डॉ. रेशमी वासनीकर, भारती गायकवाड, डॉ. शगुफ्ता सिद्दीकी, रेणुका वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य दिवस पर लोगों को किया जागरूक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 26 मार्च।** राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अर्जुन्दा में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चिकित्सा अधिकारी डॉ. शिरीन परवीन खान, डॉ. नीतीश शुक्ला एवं डेंटिस्ट डॉ. देवेश साहू ने उपस्थित लोगों को मुख एवं दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। विशेषज्ञों ने बताया कि मुख स्वास्थ्य हमारे संपूर्ण स्वास्थ्य का अहम हिस्सा है।



नियमित रूप से दांतों की सफाई, सही तरीके से ब्रश करना, समय-समय पर दंत परीक्षण कराना तथा तंबाकू एवं गुटखा जैसे हानिकारक पदार्थों से दूरी बनाकर कई गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। डॉ. नीतीश शुक्ला ने कहा कि छोटी-छोटी लापरवाहियां आगे चलकर बड़ी समस्याओं का कारण बनती हैं, इसलिए शुरुआत से ही सजग रहना आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को मुख स्वच्छता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य केंद्र की सिस्टर पुष्पलता लोन्हारे, कमल किशोर, आसमा पटेल, राखी सोनी, नीलम ध्रुव एवं पुष्पा सहित स्टाफ एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# एबीएमएस की उच्च-स्तरीय प्रबंधन समीक्षा बैठक आयोजित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 26 मार्च।** भिलाई इस्पात संयंत्र में एंटी ब्राइबरी मैनेजमेंट सिस्टम (एबीएमएस) के अंतर्गत उच्च-स्तरीय 'टॉप मैनेजमेंट रिव्यू मीटिंग' का आयोजन इस्पात भवन स्थित निदेशक प्रभारी सम्मेलन कक्ष में किया गया। बैठक की अध्यक्षता निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र ने की। बैठक में संयंत्र के शीर्ष प्रबंधन के अधिकारीगण कार्यपालक निदेशक ए. के. चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक प्रवीण निगम, कार्यपालक निदेशक पी. के. सरकार, कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार, कार्यपालक निदेशक एवं सीएमएलओ कमल भास्कर, कार्यपालक निदेशक एवं सीएमएलओ अरुण कुमार तथा




कार्यकारी कार्यपालक निदेशक उत्पल दत्ता सहित सभी मुख्य महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।बैठक के दौरान मुख्य महाप्रबंधक एवं अतिरिक्त मुख्य एबीएमएस अधिकारी सुनील सिंगल ने विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने बताया कि भिलाई इस्पात संयंत्र को भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा 9 जनवरी 2024 से आईएस/आईएसओ 37001~2016 प्रमाणन प्राप्त है तथा वर्तमान में लगभग 34 विभाग इस प्रणाली के अंतर्गत कार्यरत हैं। इस अवसर पर सतर्कता विभाग के महाप्रबंधक संदीप गुप्ता, रेणु गुप्ता, दीप्ति राज, सहायक महाप्रबंधक हिमांशु दवे, वरिष्ठ प्रबंधक अनुराग मित्तल, सहायक प्रबंधक प्रफुल्ल करोड़े, राम प्रवेश कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### फ्लैट के नाम पर धोखाधड़ी,6 लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज

**भिलाई, 26 मार्च।** फ्लैट के नाम पर ठगी करने वाले बिल्डर्स के खिलाफ न्यायालय के आदेश के बाद दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिस ने दो महिला और चार पुरुषों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिस ने बताया कि गंजपारा स्थित रिद्धिसिद्धी बिल्डर्स ने फ्लैट के नाम पर पीड़ितों से 2011 में 24.50 लाख रुपए लिया था। इस दौरान 2018 तक पीड़ित ब्याज की राशि बैंक को पटाते रहे। इसके बाद भी रिद्धि सिद्धि बिल्डर्स ने उन्हें प्लैट तक नहीं दिया बल्कि मिले उक्त रकम को पार्टनरों ने आपस में बांट लिया परेशान होकर चार पीड़ितों ने न्यायालय की शरण ली न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने जयआनंद परिसर जैन गली दुर्ग निवासी रुपेश जैन, सजल जैन, शनिचरी बाजार दुर्ग विश्वास गुप्ता, शिवपारा दुर्ग मनीष शर्मा, खंडेलवाल कालोनी दुर्ग अमृता खंडेलवाल, 9/16 ऋषभ नगर दुर्ग कमला देवी बोथरा के खिलाफ दुर्ग कोतवाली ने अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने धोखाधड़ी के आरोपियों को अभी तक नहीं पकड़ पाई है।

# 31 मार्च तक सशस्त्र नक्सलवाद से पूर्णत:मुक्त होगा छत्तीसगढ़:उपमुख्यमंत्री शर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,26 मार्च।** जगदलपुर में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री श्री विजय शर्मा ने दृढ़ विश्वास के साथ कहा कि राज्य सरकार, केंद्रीय एजेंसियों और सुरक्षा बलों के समन्वित एवं सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप छत्तीसगढ़ 31 मार्च 2026 तक सशस्त्र नक्सलवाद से पूर्णतः मुक्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि यह केवल एक प्रशासनिक उपलब्धि नहीं, बल्कि बस्तर और समूचे छत्तीसगढ़ के सामाजिक, आर्थिक और मानवीय पुनर्जागरण की दिशा में एक ऐतिहासिक परिवर्तन है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर नारायणपुर विधायक एवं मंत्री श्री केदार कश्यप, जगदलपुर विधायक श्री किरण सिंहदेव, डीजीपी श्री अरुण देव गौतम, पुलिस महानिदेशक एंटी नक्सल ऑपरेशन श्री विवेकानंद, नक्सल उन्मूलन से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी, एडीजी सीआरपीएफ, बस्तर कमिश्नर, आईजी सुंदरराज पी., बीजापुर के पुलिस अधीक्षक सहित विभिन्न केंद्रीय एवं राज्य सुरक्षा बलों के अधिकारी उपस्थित रहे। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि अगस्त



2024 में केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह द्वारा घोषित समय-सीमा के अनुरूप राज्य सरकार ने एक सुनियोजित रणनीति के तहत कार्य किया, जिसका सकारात्मक परिणाम आज स्पष्ट रूप से सामने आ रहा है। इसी क्रम में हाल ही में डीकेजेडसी स्तर के नक्सली पापा राव ने अपने साथियों एवं हथियारों सहित पुनर्वास कर मुख्यधारा में वापसी की है। यह घटना न केवल सुरक्षा दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह इस बात का भी प्रमाण है कि अब नक्सल संगठन का शीर्ष ढांचा भी कमजोर पड़ चुका है। उन्होंने कहा कि बस्तर के समाज ने भी खुले मन से इन पुनर्वासित लोगों को स्वीकार कर सामाजिक समरसता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है।उन्होंने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि पिछले दो वर्षों में लगभग 3 हजार से अधिक नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर पुनर्वास किया है, जिसमें सीसी मेंबर से लेकर विभिन्न स्तरों के कैडर शामिल हैं। इसके अतिरिक्त 2 हजार से अधिक नक्सलियों की गिरफ्तारी हुई है तथा लगभग 500 से अधिक नक्सली मुठभेड़ों में निष्प्रभावी (न्यूट्रलाइज) किए गए हैं। इस प्रकार कुल मिलाकर 5000 से अधिक सशस्त्र कैडर में कमी आई है, जो नक्सल संगठन की रीढ़ को कमजोर करने वाला निर्णायक कारक सिद्ध हुआ है। वर उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन केवल सुरक्षा अभियानों का परिणाम नहीं, बल्कि विश्वास, संवाद और पुनर्वास नीति की सफलता का भी परिचायक है । उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि बस्तर संभाग सहित कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान, राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी, धमतरी, गरियाबंद और महासमुंद जैसे जिले, जो कभी नक्सल प्रभाव से प्रभावित रहे थे, अब पूरी तरह इस समस्या से मुक्त हो चुके हैं। बस्तर का लगभग 95 प्रतिशत से अधिक भौगोलिक क्षेत्र अब नक्सल प्रभाव से बाहर आ चुका है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि सुरक्षा बलों के अद्वितीय साहस, रणनीतिक दक्षता और कठिन परिस्थितियों में निरंतर किए गए प्रयासों का परिणाम है। केंद्रीय और राज्य के सुरक्षा बलों के जवानों ने विषम परिस्थितियों में अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए अद्भुत पराक्रम का परिचय दिया है, जिसके लिए पूरा प्रदेश उनका ऋणी है।उन्होंने इस अभियान में समाज की सहभागिता को भी अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि हमारे बस्तर के पत्रकार साथियों द्वारा किए गए प्रयास, पंचायती राज संस्थाओं के जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भूमिका तथा बस्तर के स्थानीय मुरिया, मारिया, गोंड और हलबा समाज के प्रमुखों का सहयोग इस अभियान की सफलता के प्रमुख आधार रहे हैं। इसके साथ ही पत्रकारों ने भी जनजागरण, संवाद और विश्वास निर्माण में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि इन सभी प्रयासों के कारण बड़ी संख्या में नक्सलियों ने हिंसा का मार्ग छोड़कर मुख्यधारा को अपनाया, जिससे अनेक जिंदगियां बच सकीं और बस्तर को भय और रक्तपात के वातावरण से बाहर निकालने में सफलता मिली। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार केवल नक्सलवाद के उन्मूलन तक सीमित नहीं है, बल्कि बस्तर के सर्वांगीण विकास के लिए भी समान रूप से प्रतिबद्ध है। । उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के %लाल आतंक से मुक्ति% के संकल्प, केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह द्वारा निर्धारित समय-सीमा और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में यह अभियान निरंतर सफलता की ओर अग्रसर है। उन्होंने इसरो, एनटीआरओ, आईटीबीपी और एनएसजी जैसी संस्थाओं द्वारा प्राप्त तकनीकी सहयोग को भी महत्वपूर्ण बताया, जिसने अभियान को और अधिक प्रभावी बनाय अपने संबोधन के अंत में उन्होंने कहा कि बस्तर अब भय और हिंसा के अतीत से बाहर निकलकर शांति, विकास और संभावनाओं की नई दिशा में आगे बढ़ रहा है।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री का हेलीपेड पर आत्मीय स्वागत



**बलौदाबाजार, बलौदाबाजार 26 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का आज बलौदाबाजार आगमन पर हेलीपेड में जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारियो ने आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री श्री साय का राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा,तकनीकी शिक्षा मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, संभाग आयुक्त महादेव कावरे, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन,कलेक्टर कुलदीप शर्मा, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगड़े, प्रमोद शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने गुलदस्ता देकर स्वागत किया।

### कलेक्टर जनदर्शन में मिली शिकायत पर त्वरित कार्रवाई

**राजनांदगांव 26 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की जा रही है, जिससे हितग्राहियों को समयबद्ध राहत मिल सके। इसी कड़ी में राजनांदगांव चिखली निवासी श्रीमती उर्मिला बाई उके द्वारा साप्ताहिक जनदर्शन में बिल्डर द्वारा अवैध रूप से बनाई गई दीवार के संबंध में शिकायत दर्ज कराई गई थी। दीवार निर्माण के कारण उनके आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही थी। कलेक्टर ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। संबंधित विभाग की टीम ने मौके का निरीक्षण कर अवैध रूप से निर्मित दीवार को तोड़ा गया और आवेदक श्रीमती उर्मिला बाई उके को न्याय दिलाया गया। कलेक्टर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जनदर्शन में प्राप्त प्रत्येक आवेदन पर त्वरित, पारदर्शी और नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि आम नागरिकों को समय पर समाधान प्राप्त हो सके।

### राज्यपाल डेका से कुलपति मनोज कुमार श्रीवास्तव ने भेंट की

**रायपुर, 26 मार्च।** राज्यपाल श्री रमेन डेका से आज यहां लोकभवन में शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के कुलपति श्री मनोज कुमार श्रीवास्तव ने भेंट की। उन्होंने राज्यपाल को विश्वविद्यालय में 4 एवं 5 मई 2026 को आयोजित होने वाले ÷इनोवेशन महाकुंभ÷ के संबंध में विस्तृत जानकारी दी । श्री डेका ने कहा कि इस आयोजन से बस्तर के युवाओं में नवाचार और उद्यमशीलता की भावना को बढ़ावा मिलेगा यह पहल युवाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में सराहनीय है। राज्यपाल ने कार्यक्रम का पोस्टर विमोचन भी किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### बस्तर के नन्हे ललित की आंखों में लौटी रोशनी

**रायपुर, 26 मार्च।** बस्तर के नौ वर्षीय बालक ललित मौर्य के जीवन में अब खुशियों का एक नया सवेरा हुआ है। जिले के विकासखंड बस्तर के अंतर्गत ग्राम पंचायत नदीसागर के आश्रित ग्राम पराली का निवासी ललित जन्म से ही मोतियाबिंद जैसी गंभीर समस्या से जूझ रहा था। इस जन्मजात विकार के कारण वह दुनिया की खूबसूरती देखने में पूरी तरह असमर्थ था और उसका बचपन अंधेरे के साये में बीत रहा था। हालांकि ललित के मोतियाबिंद की पहचान पूर्व में ही हो गई थी, लेकिन सर्जरी को लेकर मन में बैठे डर और संशय के कारण उसके परिजन ऑपरेशन के लिए तैयार नहीं हो रहे थे। ललित के उजाले की ओर बढ़ने का सफर 20 मार्च को बस्तर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित दिव्यांग सशक्तिकरण शिविर से शुरू हुआ, जहाँ वह दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने पहुँचा था। कलेक्टर श्री आकाश छिकारा की पहल पर आयोजित इस विशेष शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान नेत्र विशेषज्ञों ने ललित की स्थिति को समझा। इस दौरान पलारी के नेत्र सहायक अधिकारी श्री अनिल नेताम ने विशेष सक्रियता दिखाते हुए परिजनों को ऑपरेशन के महत्व के बारे में विस्तार से समझाया। उनके अथक प्रयासों और निरंतर दी गई समझाइश का ही परिणाम था कि परिजन अंततः सर्जरी के लिए राजी हुए, जिसके बाद ललित को तत्काल बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया। कलेक्टर बस्तर श्री आकाश छिकारा के विशेष दिशा-निर्देशों के अनुरूप स्वास्थ्य विभाग ने तत्परता दिखाते हुए इस केस को प्राथमिकता दी। मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सेवा योजना और जिला प्रशासन के कुशल समन्वय से 24 मार्च को जिला महारानी अस्पताल जगदलपुर में डॉ सरिता थॉमस द्वारा ललित का सफल मोतियाबिंद ऑपरेशन संपन्न हुआ। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक, सिविल सर्जन डॉ. संजय प्रसाद और जिला कार्यक्रम प्रबंधक कुमारी रीना लक्ष्मी के मार्गदर्शन में मेडिकल टीम ने इस चुनौतीपूर्ण सर्जरी को अंजाम दिया। इस पुनीत कार्य में नेत्र सहायक अधिकारी कुमारी दिव्या पाण्डे, श्री सुंकर अमृत राव, श्री देवकरण व्यास सहित वार्ड इंचार्ज श्रीमती अन्नपूर्णा साहू और स्टाफ नर्स श्रीमती स्मृता कच्छ व नमिता मौर्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा। साथ ही ऑपरेशन थिएटर में सहायक श्री डोलेश्वर जोशी की सक्रियता ने इस पूरी प्रक्रिया को सुगम बनाया। ऑपरेशन के बाद जब ललित की आंखों से पट्टी हटाई गई, तो उसके चेहरे पर आई चमक ने पूरी मेडिकल टीम की मेहनत को सफल कर दिया। अब ललित न केवल अपनी आंखों से दुनिया को देख पा रहा है, बल्कि अपने परिजनों और आसपास की वस्तुओं को स्पष्ट रूप से पहचानने भी लगा है। जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की इस संवेदनशीलता ने एक मासूम के जीवन से अंधेरा मिटाकर एक परिवार के घर में उम्मीद का दीया जला दिया है।

# मुख्यमंत्री ने हितग्राहियों से किया सीधा संवाद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 26 मार्च।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के अंतर्गत आयोजित राशि वितरण कार्यक्रम में पंडित चक्रपाणि शुक्ल हायर सेकेंडरी स्कूल मैदान से प्रदेशभर के हितग्राहियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीधा संवाद किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने हितग्राहियों से योजना के लाभ और उनके जीवन में आए बदलावों की जानकारी ली। संवाद के दौरान जशपुर जिला के हितग्राही कन्हैया ने बताया कि मुख्यमंत्री के




बटन दबाते ही राशि उनके खाते में पहुंच गई। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष प्राप्त राशि का उपयोग बकरी पालन में किया था और इस वर्ष की राशि का उपयोग प्रधानमंत्री आवास में करेंगे। उन्होंने योजना से मिल रहे लाभ के लिए आभार जताया। मुख्यमंत्री ने कन्हैया को शुभकामनाएं दीं।इसी तरह जांजगीर-चांपा जिला के राजेंद्र कुमार ने बताया कि प्राप्त राशि से उन्होंने किराना दुकान को आगे बढ़ाने की योजना बनाई है, जिससे परिवार में खुशी का माहौल है। बालोद जिला के यादव राम निषाद ने मुख्यमंत्री से संवाद के दौरान कहा कि वे उनसे बात कर भावुक हो गए हैं। उन्होंने बताया कि उनकी छोटी किराना दुकान है, जिसे वे इस सहायता से और विकसित करना चाहते हैं।वहीं गरियाबंद जिला के नरेश निर्मलकर ने बताया कि पिछले वर्ष उन्होंने योजना की राशि से घर निर्माण और बच्चों की पढ़ाई में सहयोग लिया था। इस वर्ष भी राशि का सदुपयोग करने का संकल्प व्यक्त करते हुए उन्होंने योजना के प्रति संतोष जताया। कोंडागांव जिला के एक अन्य हितग्राही ने भी बताया कि उन्हें इस वर्ष की राशि प्राप्त हो गई है और पिछले वर्ष की राशि का भी उन्होंने उपयोग किया था। उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।मुख्यमंत्री ने सभी हितग्राहियों को बधाई देते हुए कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि योजनाओं का लाभ सीधे जरूरतमंदों तक पहुंचे और उनके जीवन स्तर में सुधार हो।

### दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना अंतर्गत हितग्राहियों के खाते में राशि अंतरित

# प्रदेश की जनता को योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिलाने सरकार प्रतिबद्ध:सीएम साय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 26 मार्च।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय बुधवार को प्रदेश के 4 लाख 95 हज़ार 965 भूमिहीन हितग्राहियों को 495 करोड़ 96 लाख रुपए की सौगात दी। उन्होंने बलौदाबाजार स्थित पंडित चक्रपाणी शुक्ल हायर सेकेण्डरी स्कूल ग्राउंड में आयोजित दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना अंतर्गत राशि अंतरण समारोह में डीबीटी से सीधे हितग्राहियों के खाते में राशि अंतरित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय का का पारम्परिक खुम्हरी पहना कर स्वागत किया गया।

दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत हितग्राहियों के खाते में सीधे 10 हज़ार रुपये की धनराशि प्रत्येक हितग्राही के मान से अंतरित की गई इसके लिए राज्य सरकार की ओर से 495 करोड़ 96 लाख 50 हजार रुपये की राशि का प्रावधान किया गया है। इस सूची में 22 हजार 28 बैगा और गुनिया परिवार भी शामिल है।बलौदाबाजार - भाटापारा जिला अंतर्गत कुल 23568 हितग्राहियों के खाते में 23 करोड़ 56 लाख रूपए से अधिक की राशि अंतरित हुई। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने बलौदाबाजार की ऐतिहासिक और धार्मिक धरा को नमन करते हुए कहा कि हमारी सरकार प्रदेश की जनता को



शासकीय योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिलाने प्रतिबद्ध है। दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना इसी क्रम में फलिभुत हुआ है। इस योजना के तहत ऐसे कृषि भूमिहीन मजदूरों को सालाना 10 हजार रुपए मिल रहा है जो अन्य किसानों के यहां मजदूरी कर रहे हैं। हमने पिछले साल भी इस योजना के तहत राशि अंतरित किया था और उस राशि का बहुत अच्छा सदुपयोग हितग्राहियो ने किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने मोदी की गारंटी के तहत अधिकांश वायदे को पूरा किया है। इसमें प्रमुख रूप से 18 लाख पीएम आवास की स्वीकृति, महतारी वंदन योजना,प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 3100 रुपए में खरीदी आदि शामिल है। हमने इस वर्ष धान की अंतर की राशि होली से पहले एकमुश्त अंतरित किया है ताकि किसान ख़ुशी के साथ होली मना सकें।हमारी सरकार ने दो साल में 10 हजार 500 करोड़ के सिंचाई परियोजनाओं को स्वीकृत किया है ताकि अधिक से अधिक किसानों के खेत तक पानी पहुंच सके।सुरभि गोधाम योजना के तहत हर जिले में 10 -10 गोधाम का निर्माण किया जा रहा है जिसमें मवेशियों के लिये चारा पानी, आश्रय,चरवाहा, चिकित्सक की व्यवस्था रहेगी। इससे सड़क पर पशुओं का विचरण रुकेगी और दुर्घटना में कमी आएगी।कोरोना काल में बिजली बिल का भुगतान नहीं कर पाने वाले उपभोक्ताओं को राहत देने के लिये मुख्यमंत्री बिजली बिल बकाया भुगतान समाधान योजना शुरू किया गया है। एप्प के माध्यम से पंजीयन कराकर इस योजना का लाभ ले सकते है।मुख्यमंत्री ने कहा कि गृहमंत्री श्री अमित शाह के मार्गदर्शन में प्रदेश से नक्सलवाद जल्द समाप्त होगा।बस्तर से नक्सलवाद अब अंतिम सांसे गिन रहा है। इस माह पूरी तरह समाप्त हो जाएगा और बस्तर में विकास की गंगा बहेगी। राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार ने मोदी की सभी गारंटी पूरी की है। मोदी की सभी गारंटी पूरा करने वाला

हिंदुस्तान में एक मात्र हमारा प्रदेश है।हमारी सरकार योजनाओं की राशि सीधे हितग्राही के खाते में भेजती है जिससे किसी तरह की कमीशन या भ्रष्टाचार की गुंजाईश नहीं रहती। उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेश के मुखिया स्वयं एक आदिवासी और गांव के गरीब परिवार से आते है जो गरीबों के दुःख दर्द को समझते हैं। वे स्वयं गरीबों से मिलते है और उनकी समस्या दूर करते हैं। बलौदाबाजार -भाटापारा जिले में विकास के ऐतिहासिक काम हो रहे है। पुल- पुलिया, सड़क सहित कई अधोसंरचना का निर्माण तेजी से जारी है। सामग्री एवं चेक वितरण - मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने करीब 60 हितग्राहियो को विभिन्न योजना अंतर्गत सामग्री एवं का चेक वितरित किया ।

## आयुक्त के निर्देश पर अपर आयुक्त ने विज्ञापन एजेंसी संचालकों की बैठक लेकर बकाया राशि जल्दी जमा करवाने के दिए निर्देश

**रायपुर 26 मार्च।** नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री विश्वदीप के निर्देश पर नगर निगम रायपुर के मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के तृतीय तल सभाकक्ष में नगर पालिक निगम अपर आयुक्त श्री पंकज के. शर्मा ने रायपुर नगर निगम क्षेत्र की पंजीकृत विज्ञापन एजेंसियों के संचालकों की बैठक लेकर उन्हें आंधी -तूफान में फटने वाले सभी फ्लेक्स को तुरंत हटाने के निर्देश दिए हैं. अपर आयुक्त ने सभी विज्ञापन एजेंसियों के संचालकों से बकाया राशि जल्दी जमा करवाने निर्देशित किया है.

अपर आयुक्त ने सभी विज्ञापन एजेंसियों को नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा नगर निगम अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार जारी किये जाने वाले सभी निर्देशों का पूर्ण



पालन करने के निर्देश दिए हैं. बैठक में सभी पंजीकृत विज्ञापन एजेंसी संचालकों सहित नगर पालिक निगम रायपुर के अधीक्षक ( विज्ञापन ) श्री पद्माकर श्रीवास, सहायक अभियंता श्री नीतीश झा उपअभियंता श्री अमित सरकार की उपस्थिति रही।

## रैंप योजना अंतर्गत बारनवापारा में इको टूरिज्म का प्रशिक्षण 44 प्रतिभागियों को दिया




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 26 मार्च।** भारत सरकार की रैंप योजना के अंतर्गत सीएसआईडीसी के बैनर तले एनआईएमएसएमई द्वारा बारनवापारा स्थित वन विभाग कार्यालय में 23 से 25 मार्च तक सेक्टर स्पेसिफिक इको टूरिज्म प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें 44 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को होमस्टे, फार्म स्टे, अनुभवात्मक पर्यटन तथा टूर गाइड से संबंधित व्यावहारिक जानकारी दी गई। साथ ही छत्तीसगढ़ शासन की उद्योग नीति 2024-30 के अंतर्गत उपलब्ध योजनाओं और लाभों की भी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। समापन अवसर पर एसडीओ फॉरेस्ट बारनवापारा श्री कृषाणु चंद्राकर ने उपस्थित प्रतिभागियों को इको टूरिज्म के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी तथा आजीविका अर्जन के विभिन्न साधनों जैसे होमस्टे, गाइडिंग, स्थानीय उत्पादों के विपणन आदि के बारे में प्रेरक मार्गदर्शन दिया। इसके पश्चात उनके द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

## महिला उद्यमियों को दिया गया मार्केट डेवलपमेंट असिस्टेंस का प्रशिक्षण




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 26 मार्च।** केंद्र सरकार की रैम्प योजना के अन्तर्गत सीएसआईडीसी छत्तीसगढ़ के मार्गदर्शन में चॉइस कंसल्टेंसी सर्विसेज द्वारा मंगलवार को जनपद पंचायत सभाकक्ष कसडोल में मार्केट डेवलपमेंट असिस्टेंस विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने, उन्हें बाजार से जोड़ने, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर बाजार विस्तार के अवसर प्रदान करने के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यशाला के दौरान महिला उद्यमियों हेतु उपलब्ध मार्केट डेवलपमेंट असिस्टेंस योजनाएं, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तरीय मेलों व प्रदर्शनी में भागीदारी की प्रक्रिया, उत्पाद ब्राडिंग, पैकेजिंग एवं लेबलिंग सुधार, गुणवत्ता प्रमाणन एवं मानकीकरण का महत्व, मार्केट लिंकज के अवसर, ई-कॉमर्स एवं डिजिटल प्लेटफॅार्म के माध्यम से बिक्री विस्तार, सरकारी सहायता एवं अनुदान प्राप्त करने की प्रक्रिया बताई गई । मार्केट डेवलपमेंट असिस्टेंस योजना के तहत मिलने वाली वित्तीय सहायता, प्रदर्शनी एवं मेलों में भागीदारी, ब्रांड प्रमोशन और निर्यात के अवसरों की विस्तृत जानकारी दिया गया।

# डिप्टी सीएम शर्मा ने निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन और लोकार्पण

**रायपुर, 26 मार्च।** उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने नगर पंचायत बोड़ला को विकास की नई दिशा देते हुए 6 करोड़ रुपए से अधिक से विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों की बड़ी सौगात दी। स्थानीय हॉकी खेल मैदान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विधिपूर्वक पूजा-अर्चना कर विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया तथा डॉ. भीमराव अंबेडकर भवन पहुंचकर कार्यों का लोकार्पण भी किया।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि नगरीय क्षेत्रों को सुविधाओं से सुसज्जित करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि खेल सुविधाओं के विस्तार, बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण और सामुदायिक विकास को गति देने के उद्देश्य से किए जा रहे ये कार्य क्षेत्र के समग्र विकास में मील का पत्थर साबित होंगे। उन्होंने कहा कि यह सौगात बोड़ला के आने वाले वर्षों को विकास की दिशा प्रदान करेगी। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू, नगर पंचायत बोड़ला के अध्यक्ष श्री विजय पाटिल, श्री नितेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष नगर पंचायत श्री लव निर्मलकर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री विदेशी राम धुर्वे, श्री नन्द श्रीवास, श्री मोहन धुर्वे, श्री राम किंकर वर्मा, श्री एम. डी. ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि बोड़ला नगर में अब बांध से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की गई है, जहां पानी फिल्टर प्लांट के माध्यम से शुद्ध होकर घर-घर तक पहुंचेगा। उन्होंने इसे नगरवासियों की लंबे समय से चली आ रही महत्वपूर्ण मांग की पूर्ति बताया और कहा कि ग्रेविटी आधारित यह जल व्यवस्था न केवल सुविधाजनक है, बल्कि टिकाऊ और प्रभावी भी है। पेयजल की बेहतर व्यवस्था और नगर को उन्नत बनाना शासन की प्राथमिकता है।

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि बस्तर क्षेत्र में कभी नक्सली जंगलों में बंदूक लेकर घूमते थे, लेकिन अब नक्सल पुनर्वास नीति के तहत वे मुख्यधारा में लौट रहे हैं। उन्होंने बताया कि जो लोग पहले हिंसा के रास्ते पर थे, वे आज लोकतांत्रिक व्यवस्था को समझने के लिए विधानसभा तक पहुंच रहे हैं और वहां की कार्यवाही देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की घोषणा और केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद समाप्त करने के संकल्प को प्रदेश में मजबूती से लागू किया गया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इस दिशा में कार्य करने के लिए पूरी स्वतंत्रता दी है।

# श्रमिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना उद्योगों की जिम्मेदारी: संभागायुक्त

**रायपुर, 26 मार्च।** औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग द्वारा आज बिलासपुर के पं. देवकीनंदन दीक्षित सभागृह में आयोजित एकदिवसीय औद्योगिक सुरक्षा जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में औद्योगिक इकाइयों में सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में बिलासपुर के संभागायुक्त श्री सुनील जैन, कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री रजनेश सिंह, आईएचएस के संचालक श्री मनीष श्रीवास्तव ने संबोधित किया। कार्यशाला में औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के डिप्टी डायरेक्टर विजय कुमार सोरी, प्रदेश के विभिन्न जिलों से औद्योगिक इकाइयों के प्रबंधन एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस कार्यशाला का उद्देश्य क्षेत्र की स्पॉन्ज आयरन फैक्ट्रियों में सुरक्षा मानकों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा सुरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चित करना था।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संभागायुक्त श्री सुनील जैन ने स्पष्ट कहा कि औद्योगिक सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि उद्योगों का उद्देश्य केवल लाभ अर्जित करना नहीं, बल्कि देश के विकास में योगदान देने के साथ-साथ श्रमिकों के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करना भी है। दुर्घटनाएं भले ही क्षणिक होती हैं, लेकिन उनके दुष्परिणाम लंबे समय तक प्रभावित करते हैं। इसलिए औद्योगिक इकाइयों में जोखिम की पहचान कर समय रहते उचित प्रबंधन, आधुनिक सुरक्षा उपकरणों की स्थापना, नियमित प्रशिक्षण एवं मेंटेनेंस सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि उद्योग देश के विकास और रोजगार सृजन का प्रमुख माध्यम हैं, लेकिन किसी भी दुर्घटना से न केवल आर्थिक नुकसान होता है, बल्कि संस्थान की साख भी प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि प्रबंधन और श्रमिकों के सामूहिक प्रयास से ही सुरक्षित कार्य वातावरण निर्मित किया जा सकता है। श्रमिकों को नियमित प्रशिक्षण देने, सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करने तथा उनमें स्वामित्व की भावना विकसित करने पर उन्होंने विशेष बल दिया।

### आगामी सीजन में किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने

# कलेक्टर ने निर्माणाधीन नहर लाइनिंग कार्य का किया निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 26 मार्च।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने आज अवर्धा जलाशय एवं बोटेपार जलाशय से निकलने वाली निर्माणाधीन पक्की नहर लाईनिंग का निरीक्षण किया। उन्होंने नहर लाइनिंग की कुल लंबाई, निर्माण गुणवत्ता, कार्य की गति तथा डेम की उपलब्ध क्षमता संबंधी जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माणाधीन कार्य को निर्धारित समय-सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता मानकों के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिससे आगामी सीजन में किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि पक्की नहर लाइनिंग कार्य से किसानों को पर्याप्त मात्रा में सिंचाई का स्थायी लाभ मिलेगा। कलेक्टर ने नहर किनारे उपस्थित किसानों से सीधे संवाद कर नहर लाइनिंग कार्य से मिलने वाले लाभ और गांव की समस्याओं की जानकारी ली। किसानों ने बताया कि




पक्की नहर लाइनिंग बनने से पानी का रिसाव कम होगा, सिंचाई सुचारू रूप से खेतों तक पहुंचेगी तथा उत्पादन में वृद्धि की संभावना बढ़ेगी।

कलेक्टर ने किसानों को पीएम आशा योजना के प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि योजना अंतर्गत दलहन एवं तिलहन फसलों की समर्थन मूल्य पर खरीद की जा रही है, जिससे किसानों को बेहतर आय प्राप्त होगी। उन्होंने किसानों को दलहन-तिलहन क्षेत्र विस्तार के लिए प्रेरित किया तथा समय पर पंजीयन कराने कहा। इस अवसर पर ग्राम बोटेपार के किसानों ने सीसी रोड एवं नाली निर्माण की मांग रखी। कलेक्टर ने उनकी मांगों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए संबंधित विभाग को सीसी रोड एवं नाली निर्माण का स्टीमेट तैयार कर बारिश के पहले पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि गांव में आवागमन एवं जल निकासी की समस्याओं का समाधान हो सके। कलेक्टर ने किसानों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सिंचाई संबंधी सभी कार्यों को प्राथमिकता के साथ तथा पारदर्शिता से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिससे रबी एवं खरीफ सीजन के लिए किसानों को पर्याप्त सिंचाई उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता श्री एनके रामटेके, एसडीओ सुयश यदु, उप अभियंता सहित किसान उपस्थित थे।

## युद्ध बंद हो जाए तो भी असर तो रहेगा ही

जब भी कोई वैश्विक घटना घटती है तो उससे विश्व के सभी देश प्रभावित होते हैं क्योंकि बहुत सारे मामलों में सब एक दूसरे पर निर्भर रहते हैं।युध्द से हर तरह की सप्लाई चेन प्रभावित होती है, इससे देशों में कई तरह की वस्तुओं की कमी हो जाती है और इसका खामियाजा बहुत सारे देशों को उठाना पड़ता है। इजराइल,अमरीका व ईरान युध्द के चलते मध्य पूर्व में स्थिति चिंताजनक बनी हुई है और इसका खामियाजा मध्य पूर्व के देशों सहित विश्व के बहुत सारे देशों को भुगतना पड़ रहा है। खासकर डीजल,पेट्रोल व गैस को लेकर। बहुत सारे देशों में कमी के कारण इनके दाम बढ़ गए हैं।सब देश चाहते हैं कि युध्द खत्म हो ताकि ऊर्जा सप्लाई को लेकर जो चिताजनत स्थिति बनी हुई है, वह जल्द से जल्द सामान्य हो सके।युध्द तब ही समाप्त हो सकता है जब युध्द में उलझे देशों के बीच बातचीत शुरू हो। अमरीका के राष्ट्रपति ट्रंप ने अपनी तरफ से ईरान के पावर प्लांटों पर हमलों को और पांच दिन रोकने की घोषणा की। उसके बाद खबर है कि उन्होंने पाकिस्तान के जरिए ईरान को खबर भिजवाया है कि अगर ईरान अमरीका के १५ सूत्रीय शांति योजना को मान लेता है तो अमरीका एक माह का युध्द विराम कर सकता है और शांति के लिए बातचीत शुरू हो सकती है। यहां एक बात साफ हो जाती है कि युध्दविराम की पहल अमरीका की तरफ से की जा रही है।इसका मतलब है कि युध्द से बाहर अमरीका निकलना चाहता है। वह लंबे समय तक युद्ध में फंसे नहीं रहना चाहता है क्योंकि इससे आने वाले दिनों में ट्रंप के लिए परेशानी बढ़ सकती है।युध्द के लिए सारे देश अमरीका को दोषी मान रहे हैं।युध्द के कारण पूरी दुनियां को होने वाली परेशानी का कारण भी ट्रंप को माना जा रहा है। इससे उनकी लोकप्रियता अमरीका में कम होती जा रही है। जहां तक ट्रंप के युध्द से बाहर निकलने की जल्दी का सवाल है तो इसके कई कारण हो सकते हैं। एक कारण तो यह है कि युध्द में उसका बहुत सारा पैसा खर्च हो रहा है।युध्द लंबा चला तो और बहुत सारा पैसा खर्च होगा। युध्द के लिए रक्षा मंत्रालय ने बजट की मांग की है लेकिन ट्रंप की पार्टी ही इसके विरोध में है यानी बजट पास होना मुश्किल है। दूसरा ईरान ने अब इजराइल के परमाणु संयंत्रों पर हमला शुरू कर दिया है।तीसरा नाटों ने युध्द में मदद करने से मना कर दिया है यानी अमरीका युध्द अकेले ही लड़ना है।खाड़ी देशों में युध्द के कारण ४० प्रतिशत एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर तबाह हो गया है। इससे ग्लोबाल आयल सप्लाई घटती जा रही है।चौथा कारण है अमरीका में होने वाला मिडटर्म चुनाव।इस चुनाव में ट्रंप को सीनेट में बहुमत को बचाए रखना होगा। नहीं बचा पाएंगे तो उनको महाभियोग का सामना करना पड़ेगा। अमरीका के राष्ट्रपति युध्द रोकने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन स्थिति इतनी जटिल है कि इसमें लंबा वक्त लग सकता है। इजराइल नहीं चाहता है कि ईरान को इस तरह छोड़ दिया जाए,खाड़ी के कई देश भी चाहते हैं कि ईरान को कमजोर किए बिना युध्द बंद नहीं होना चाहिए। खाड़ी के देश तो चाहते हैं कि जब युध्द हो रहा है तो ईरान का इतना कमजोर कर दिया जाना चाहिए कि वह फिर अपने आसपास के देशों पर हमला करने की हिम्मत न करे। वहीं चीन व रूस नहीं चाहते हैं कि ईरान इतना कमजोर हो जाए कि मध्य पूर्व में उनके किसी काम का न रहे।वह ईरान को मजबूत बनाए रखने के पक्षधर हैं।अमरीका की शांति योजना का मतलब यह तो है कि युद्ध बंद हो साथ ही उसमें ऐसी शर्तें हैं कि उनको मानने का मतलब है कि ईरान आज जितना मजबूत है,उतना मजबूत नहीं रह जाएगा। इसलिए इस बात की उम्मीद कम है कि ईरान अमरीका की सभी शर्ते मानेगा। वह भी अमरीकी शतों के बदले कई तरह की शर्तें रखेगा। यानी अभी कई दिन जोरआजमाइश होनी है। हमारे देश के पीएम इस हकीकत को जानते हैं कि युध्द समाप्त भी हो जाएगा तो अभी गैस व तेल की आपूर्ति सामान्य होने में वक्त लगेगा। इसलिए उन्होंने देश के लोगों को विश्वास में लेते हुए कहा है कि मध्य पूर्व में संकट का असर लंबे समय तक रहेगा। इसका सामना करने के लिए देश के लोगों को धैर्य रखना होगा और एकजुट रहना होगा।देश में अराजकता फैलाने वाले कई तरह की अफवाहें फैला सकते है। लोगों को डराने का प्रयास कर सकते हैं जैसे खाड़ी युध्द के समय किया और उसका परिणाम क्या हुआ बड़ी संख्या मे लोग देश में गैस की कमी हो गई सोचकर गैस एजेंसी पहुंच गए।सभी न गैंस बुकिंग शुरू कर दी थी। ऐसी स्थिति फिर न पैदा हो इसलिए पीएम मोदी ने देश को लोगों को आश्वस्त किया है कि वह देश के लोगों के लिए जो भी जरूरी है वह सब करने का प्रयास कर रहे हैं और उम्मीद है कि जिस तरह देश कोरोना के वक्त एकजुट होकर संकट से बाहर निकला था, इसबार भी देश संकट के बाहर निकलने में सफल होगा।

रामनवमी

# हृदय की गूंज हैं - मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम

**डॉ . सूर्यकांत मिश्रा**



भगवान श्रीराम सनातन संस्कृति को प्रगाढ़ करने वाले अग्रणी ईश्वर माने जाते हैं । उन पर आस्था और अटूट विश्वास ही हिंदू धर्म को महान बनाता है । मर्यादित जीवन के चलते ही उन्होंने मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में सनातन धर्मावलंबियों को बड़ा संदेश दिया । भगवान श्रीराम ही एक मात्र ऐसे ईश्वर हुए हैं जिन्होंने मृत्युलोक में अवतार लेकर धर्म , सत्य , त्याग और नैतिकता का सर्वोच्च आदर्श स्थापित किया । उनकी जन्मस्थली अयोध्या में बने राम मंदिर को हम राष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत और पुनर्जागरण का प्रतीक मानते हैं । हमारे धर्म ग्रन्थ हमें बताते हैं कि प्रभु श्रीराम ने अपने जीवन की हर परिस्थिति में धर्म और नैतिकता का पालन किया । इसी महान गुण के चलते पूरी दुनिया के हिंदुओं ने उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में अपना आराध्य माना । हम अपने आराध्य प्रभु श्रीराम को केवल एक देवता मानकर उनकी पूजा करें , यह उचित नहीं । वे भारतवर्ष के प्राण और सनातन जगत की आस्था के मूल आधार हैं । अयोध्या नगरी में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा ने भारतवर्ष के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पुनर्जागरण को नई ऊर्जा प्रदान की है । भगवान श्रीराम का स्मरण , उनके द्वारा स्थापित मूल्यों का अनुसरण और अयोध्या के भव्य मंदिर में स्थापित रामलला का दर्शन जन - जन को धर्म के मार्ग पर चलने और विपरीत परिस्थितियों में भी अडिग रहने की प्रेरणा देता है । हमें यह याद रखना होगा कि प्रभु श्रीराम मात्र एक नाम नहीं - वे भारत वंशियों के हृदयों की गूंज हैं । वे ही हमारी आत्मा और मन का सार हैं । जीवन का आधार भी प्रभु श्रीराम ही हैं । वही एक मात्र देव हैं जिनके माध्यम से भारतवर्ष को सच्चा अर्थ मिलता है । हम कह सकते हैं कि मर्यादा पुरुषोत्तम ही भारतवर्ष के पर्याय और प्रतिबिंब हैं तथा भारतवर्ष उनका प्रतिबिंब है । प्रभु श्रीराम और भारतवर्ष को कभी अलग नहीं किया जा सकता । कारण यह कि श्रीराम ही भारतवर्ष की आत्मा हैं । हमारे प्रभु का जीवन वृत्तांत अद्भुत है । जो भी उनके वृत्तांत को चित्रित करता है , उन्हें जीता है , उनके विषय में लिखता है और उनकी मर्यादा का बखान करता है , वह मानवीय समाज की गहरी श्रद्धा का सर्वोत्तम केंद्र बिंदु बन जाता है । भगवान श्रीराम के सुख - दुःख , विजय - पराजय , मान - सम्मान और अपमान में हम अपने सुख - दुःख , विजय - पराजय , मान - सम्मान और अपमान का अनुभव करते हैं । हमारा हृदय ऐसा कहते प्रतीत होता है - प्रभु श्रीराम की खुशी में संसार हंसता और खिलखिलाता है , तो उनके दुःख में आंसू बहा रहा होता है । प्रभु श्रीराम का चरित्र अगाध गुणों का समुद्र है , जिसमें सारे ऋषि - योगी एवं भक्त - संत हंस रूप में विचरण करते हुए मोती चुनते हैं । वे इतिहास के सबसे " तेजोमय " महा नक्षत्र माने जाते हैं ।

भारतवर्ष की संस्कृति को पहचान दिलाने वाला कोई चेहरा है तो वह प्रभु श्रीराम का चेहरा ही है । उनकी जीवनगाथा पर आधारित रामायण और रामचरित मानस हमारी अमर कृति होने के साथ ही अमर परंपरा का आधार हैं । इस कलयुग में भी रामायण ही वह पवित्र ग्रंथ है , जिसे हम भारतीय समाज की चेतना का महाकाव्य कह सकते हैं । गहराई में झांका जाए तो रामायण जैसा महान ग्रन्थ किसी पंथ , परंपरा , भाषा , राष्ट्र तथा संस्कृति में दुर्लभ है । दुनिया की किसी धार्मिक परंपरा ने दाम्पत्य जीवन को लेकर महाकाव्य नहीं रचा ! हमारे भारतवर्ष का स्वाभाविक इतिहास रामायण , पवित्र दांपत्य जीवन का महाकाव्य ही है । इसमें किसी प्रकार के संशय के लिए कोई स्थान नहीं है । मेरा मन जब अशांत होता है तब पाश्चात्य संस्कृति पर चिंतन करते हुए परेशान हो उठता हूं । हमारा आज का युवा समाज पाश्चात्यों की संस्कृति में उलझा हुआ है ! पाश्चात्य संस्कृति पर आधारित अ - समृद्ध समाज ही हमारे युवक - युवतियों का आदर्श बन चुका है ! ऐसे दीन - हीन हालातों में मैं जब अपने अचेतन मन को कुरेदता हूं तब एक आवाज मेरे कानों में गूंज उठती है - " हमारी नाव डूबने से तभी बच सकेगी जब हमारा रोम - रोम यह कह उठेगा कि राम ही हमारे आदर्श हैं और भारत भूमि हमारी माता । " क्या हम इस सच्चाई से मुंह मोड़ सकते हैं कि राम चरित मानस का जादू ही हम पर चल रहा है , और हम अपनी शास्त्रोक्त परंपरा का अनुसरण कर पा रहे हैं । घर में संतान का जन्म हो तो राम जन्म के गीत ( सोहर ) गूंजने लगते हैं । विवाह के अवसर पर वर - वधु को राम - सीता अथवा लक्ष्मी - नारायण का स्वरूप मानकर पूजा जाता है । एक - दूसरे से मेल - मुलाकात में राम - राम ही हमारा अभिवादन हुआ करता है । अंत समय में जब हमारी आत्मा हमें छोड़ जाती है तब यही राम नाम हमारी अंतिम यात्रा का उद्घोष बन जाता है ।" राम नाम सत्य है " .. की गूंज के साथ हमारी काया पंचतत्व में विलीन हो जाती है ।

जीवन के अंत में आसरा भी उसी राम नाम का है । बीती शताब्दी में विख्यात संस्कृत के ज्ञाता दाधीच ने लिखा है :-

" स्त्री सखा अपत्य है , भाव ये असत्य हैं ,
एक नाम सत्य है , राम नाम सत्य है ..।"

कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में संस्कृत के प्रोफेसर रॉबर्ट गोल्डमैन लिखते हैं :-

" किसी भी स्थान पर , किसी भी समय में रचित कुछ ही रचनाएं वाल्मीकि रामायण जैसी महान और प्राचीन संस्कृत महाकाव्य जितनी लोकप्रिय , प्रभावशाली , अनुकरणीय और सफल रही हैं ।" रामायण के अरण्य कांड में , राक्षस मारीच ( रावण का मामा ) को जब रावण ने प्रभु श्रीराम का ध्यान भटकाने के लिए सोने के हिरण का रूप धारण करने के लिए कहा तो मारीच ने प्रभु श्रीराम का वर्णन करते हुए रावण को इस दुस्साहस के लिए चेतावनी दी ! मारीच ने कहा - " रामो विग्रहवान धर्मस्सधुसत्य पराक्रमः " अर्थात राम धर्म के अवतार हैं । एक धर्मनिष्ठ व्यक्ति , जिसकी शक्ति सत्य है , उसके साथ छल का परिणाम ठीक नहीं होगा ! अपने धर्म ग्रन्थ रामायण अथवा रामचरित मानस का अध्ययन कर हम सब यह जानते हैं कि प्रभु श्रीराम तब महान नहीं हुए जब वे शासन कर रहे थे बल्कि उन्हें महानता तब मिली जब वे संघर्ष कर रहे थे । प्रभु श्रीराम के वे गुण जिन्होंने उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम बनाया , वे अयोध्या में राजसी सत्ता के केंद्र में नहीं बल्कि वनवास में प्रकट हुए ! हम देखते हैं कि उनकी विनम्रता , उदारता और धैर्य जैसे उत्कृष्ट गुण वनवास के दौरान विभिन्न घटनाओं में प्रकट हुए ! प्रभु श्रीराम की विनम्रता और मर्यादा का चित्रण उस समय हमारे समक्ष आता है जब रावण से प्रथम दिन के युद्ध से पूर्व वे रावण की विद्वता के प्रति श्रद्धा पूर्वक उनके समक्ष नमन करते हैं !



## आज का राशिफल

मेष राशिः मेष राशि वालों आज पारिवारिक सुख में वृद्धि होगी। आपकी पहले से चली आ रही समस्याओं का समाधान मिलेगा, जिससे आपके मन में खुशी रहेगी। परिवार में धार्मिक काम की योजना बन सकती है। आप अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ अच्छे बदलाव करने की कोशिश करेंगे। आप लंबे समय तक स्वस्थ रहें इसके लिए आपको अच्छी डाइट लेनी चाहिए। आपके व्यवहार में कुछ अच्छे बदलाव आने से आपके कुछ नए दोस्त बन सकते हैं। आपको उनसे बात करके अच्छा लगेगा। देवी मां को बेसन से बनी मिठाई का भोग लगाएं, आपका कॉन्फिडेंस बना रहेगा।

वृष राशिः वृष राशि वालों आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। कुछ दिनों से चल रही घरेलू समस्याएं आज खत्म होंगी। राजनीति व सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन फेवरेबल रहेगा। महिलाओं के लिए दिन शानदार रहेगा। बिजनेस मैन आज जरूरी मीटिंग अटेंड कर सकते हैं। आज किसी से लिया हुआ उधार खत्म होगा, आप राहत महसूस करेंगे। मां कालरात्रि की कृपा से ऑफिस में सबके साथ सामंजस्य बिठाने में आप सफल रहेंगे। देवी मां को वस्त्र भेंट करें, सब लोग आपसे खुश रहेंगे।

मिथुन राशिः मिथुन राशि वालों आज का दिन करियर में नया बदलाव लाएगा। आज नवरात्र के सातवें दिन मां कालरात्रि आपके परिवार में सुख शांति बनाए रखेगी। आज बिजनेस के क्षेत्र में आपको बड़ा धन लाभ होगा। राइटर आज नई स्टोरी लिख सकते हैं जिसे लोगों द्वारा खूब पसंद किया जाएगा। परिवार में नए सदस्य के जुडऩे से सभी लोग बहुत खुश होंगे। मां कालरात्रि का ध्यान करें, कष्टों से मुक्ति मिलेगी।

कर्क राशिः कर्क राशि वालों आज आपका दिन बेहतर है। अगर किसी बिजनेस ट्रिप के लिए आप बाहर जा रहे हैं, तो घर के बड़े बुजुर्ग का आशीर्वाद लेकर जाएं। आपका काम सफल होगा। आज आपके जीवनसाथी को तरक्की का अच्छा अवसर मिलेगा। कोरियर का बिजनेस कर रहे कारोबारियों को आज फायदा होगा। आज अपनी सेहत का खास ख्याल रखें। दुर्गा मां को गुड़ से बनी चीजों का भोग लगाएं, रुके हुए कार्यों में सफलता मिलेगी।

सिंह राशिः सिंह राशि वालों आज आपका दिन खास रहने वाला है। आपका ध्यान काम को पूरा करने में लगा रह सकता है। ऑफिस में किसी काम को लेकर थोड़ा विचार विमर्श करना पड़ सकता है, शत्रुपक्ष आपकी योजनाओं से ज्यादा प्रभावित हो सकते हैं। इस राशि के जो लोग अपना बिजनेस करते हैं, उन्हें मुनाफा मिलने की संभावना है। आज आप सोच विचार में रहेंगे। माता को लाल चुनरी चढ़ाएं, विवाह में आ रही दिक्कतें दूर होंगी।

कन्या राशिः कन्या राशि वालों के लिए आज का दिन मिला जुला रहने वाला है। आप परिवार वालों के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करेंगे, इससे आपके रिश्ते बेहतर होंगे। दोस्तों के साथ घर पर ही मूवी देखने का प्लान कर सकते हैं। आपकी मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से होगी, जिससे आपको भविष्य में फायदा हो सकता है। किसी खास काम में आपको सफलता मिलेगी साथ ही आपके मन में नए नए विचार आ सकते हैं। माता को लौंग अर्पित करें, पदोन्नति के अवसर प्राप्त होंगे।

तुला राशिः तुला राशि वालों आज आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। एकाग्र मन से किया गया काम लाभदायक साबित होगा। लवमेट के लिए आज का दिन बढिय़ा है। साथ ही किसी अच्छे रेस्टोरेंट में लंच करने जा सकते हैं। किसी जिम्मेदारी को अनदेखा करने से आपको बचना चाहिए। आपकी सेहत ठीक ठाक रहेगी। आप कम समय में काम निपटाने की कोशिश करेंगे और अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएंगे। दुर्गा जी को फल अर्पित करें, आपको अपनी मेहनत का फल जरूर मिलेगा।

वृश्चिक राशिः वृश्चिक राशि वालों आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आज आप किसी बात को लेकर उलझन में रहेंगे, जिसे आप अपने किसी खास मित्र से शेयर करेंगे तो आपको राहत मिलेगी। परिवार वालों के साथ बाहर मूवी का प्लान बन सकता है। दोस्तों की बर्थडे पार्टी में जाएंगे, जहां बाकी दोस्तों के साथ इंजॉय करने का मौका मिलेगा। आज आप नई स्किल सीख सकते हैं जिसका लाभ आपको भविष्य में जरूर मिलेगा। दोस्तों की मदद से आपकी इच्छा पूरी होगी। मां दुर्गा को मिश्री का भोग लगाएं, घर में शांति का माहौल रहेगा।

धनु राशिः मकर राशि वालों आज का दिन आपके लिए ठीक रहने वाला है। आपका अच्छा व्यवहार समाज में अलग पहचान बनाने में मदद करेगा। घर पर डेकोरेशन का काम भी करवा सकते हैं। कांट्रेक्टर के लिए आज का दिन धन लाभ देने वाला है। आज अपने डेली रूटीन में आप कुछ बदलाव कर सकते हैं। किसी काम को करने का नया तरीका बिजनेस में फायदा कराएगा। राजनीति में आपके अच्छे कार्यों की तारीफ होगी। मां दुर्गा को खोये का भोग लगाएं, जीवन में खुशियां बनी रहेंगी।

मकर राशिः मकर राशि वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिए आपको नए अवसर मिलेंगे। किसी को उधार दिया हुआ पैसा आज आपको अचानक वापस मिल सकता है। व्यापार में किसी व्यक्ति से फायदा मिलने की उम्मीद बढ़ेगी। आपका उत्साह भी बढ़ेगा। भाई बहनों से आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आज घर में फंक्शन होने से आपके शेड्यूल में बदलाव आ सकता है। आज नवरात्र के सातवें दिन मां कालरात्रि को हाथ जोड़कर प्रणाम करें, आपके साथ सब अच्छा रहेगा।

कुंभ राशिः कुंभ राशि वालों आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स का दिन राहत भरा होगा, नया शेड्यूल बनाने का विचार कर सकते हैं। आज ऑफिस में फोन का इस्तेमाल कम से कम करेंगे और अपने काम पर पूरा फोकस करेंगे। पैसों के मामलों में लोगों पर जरूरत से ज्यादा भरोसा करने से बचना चाहिए। किसी को उधार पैसा देने में सोच विचार करना बेहतर रहेगा। आज आपको खुद को साबित करने के कई मौके मिलेंगे। मां दुर्गा को इलायची अर्पित करें, कारोबार में बरकत होगी।

मीन राशिः मीन राशि वालों आज आपको अचानक नए स्त्रोतों से धन मिलेगा, जो आपके दिन को खुशनुमा बना देगा। सामाजिक कामों में आपकी रुचि बढ़ सकती है। आपको जीवनसाथी से काम में पूरा सहयोग मिलेगा। व्यापार में साझेदारी से आपको लाभ हो सकता है। आप चीजों को बेहतर ढंग से समझने की कोशिश करेंगे। परिवार में सदस्यों के साथ रिश्तों में सुधार होगा। स्वास्थ्य आज पहले से काफी अच्छा रहेगा। माता का आशीर्वाद लें, तरक्की के नए रास्ते मिलेंगे।

### सू- दोकू क्र.354

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.353 का हल**


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

### शब्द सामर्थ्य -354

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।




**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 353 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | ■ | प | स | ■ | ■ |
| जा | त | ■ | थ | प | थ | पा | ना | ■ |
| य | र | का | नी | ■ | भ्र | ■ | र | श्मि |
| ब | घा | र | ■ | क | ष्ट | प्र | द | ■ |
| ■ | त | ना | त | नी | ■ | र्व | ■ | ब |
| अ | ■ | मा | ■ | ज | मा | त | ■ | ल |
| स | जा | ■ | ■ | ■ | ■ | क | ज | रा |
| बा | ■ | बे | स | हा | रा | ■ | ग | म |
| ब | गु | ला | ■ | रा | ज | दू | त | ■ |

# एलपीजी संकट से खाने-पीने का धंधा चौपट, बेरोजगारी, पलायन बढ़ा

**संजय सक्सेना,लखनऊ,**



मार्च 2026 का महीना भारत के लाखों रेस्तरां मालिकों, ढाबेदारों और छोटे खाने-पीने के कारोबारियों के लिए एक बुरे सपने जैसा बन गया है। देश के सबसे बड़े सुबह उत्तर प्रदेश के छोटे-बड़े शहरों से लेकर गांव-देहात तक में एलपीजी गैस संकट ने खानपान के धंधे में लगे लोगों की कमर तोड़ दी है। यूपी ही नहीं, दिल्ली की गलियों से लेकर मुंबई के फुटपाथ तक, बेंगलुरु के होटलों से लेकर आंध्र प्रदेश के दूरदराज के ढाबों तक हर जगह एक ही चिंता हैः एलपीजी गैस कहां से आएगी?मार्च 2026 के पहले सप्ताह में यह संकट तब शुरू हुआ जब ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच सैन्य संघर्ष के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य व्यावहारिक रूप से बंद हो गया, जो दुनिया के इतिहास में पहली बार हुआ। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा एलपीजी आयातक है और वित्त वर्ष 2025 में उसने 3.13 करोड़ मीट्रिक टन एलपीजी की खपत की। देश अपनी जरूरत का करीब 67 फीसदी एलपीजी आयात करता है, जिसमें से लगभग 90 फीसदी होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर आता है। जब यह रास्ता बंद हुआ, तो भारत की रसोई की नब्ज थम-सी गई।घरेलू उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिए सरकार ने व्यावसायिक एलपीजी आपूर्ति में 80 फीसदी तक की कटौती कर दी। इसका नतीजा यह हुआ कि यूपी, बिहार, दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और कोच्चि जैसे बड़े शहरों में हजारों रेस्तरां और होटल या तो बंद हो गए या उन्हें लकड़ी और कोयले पर वापस लौटना पड़ा।

नेशनल रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) के अध्यक्ष सागर दरयानी ने कहा कि यह एक संकट की स्थिति है, जो अगले कुछ दिनों में कई रेस्तरां बंद करा देगी। उन्होंने बताया कि भारत के 90 फीसदी रेस्तरां अपनी रसोई चलाने के लिए एलपीजी सिलेंडर पर निर्भर हैं। उद्योग पहले से ही कम मांग और उच्च लागत से जूझ रहा था, लेकिन अगर एलपीजी आपूर्ति की समस्या बनी रहती है, तो इससे "कारोबार बंद होंगे और नौकरियां जाएंगी। रेस्तरां उद्योग के जानकार और कई ब्रांड के संस्थापक ज़ोरावर कालरा ने इस संकट की तुलना मार्च 2020 के कोविड लॉकडाउन के शुरुआती दिनों से की। उन्होंने कहा कि रेस्तरां क्षेत्र कृषि के बाद देश का दूसरा सबसे बड़ा रोजगार देने वाला उद्योग है, जो सीधे तौर पर करीब 80 लाख लोगों को रोजगार देता है और इतने ही लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से। यह 6.6 लाख करोड़ का पारिस्थितिकी तंत्र है, जो हर दिन जीडीपी में करीब 1,800 करोड़ का योगदान देता है।कालरा ने अनुमान जताया कि अगर एलपीजी आधारित संचालन बंद हो जाए, तो दैनिक नुकसान 1,200 से 1,300 करोड़ के बीच हो सकता है। सबसे बुरी मार छोटे ढाबेदारों और रेहड़ी-पटरी वालों पर पड़ रही है, जिनकी पूरी आजीविका एक-दो सिलेंडर पर टिकी है। उत्तर प्रदेश में कुछ होटल मालिकों का कहना है कि उनके पास केवल एक या दो दिन का गैस भंडार बचा है और सिलेंडर की उपलब्धता 40 से 50 फीसदी तक घट गई है। लखनऊ के रकाबगंज इलाके में रहने वाली चंदनी, जो प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की लाभार्थी हैं, डेढ़ साल तक बिना रुकावट गैस पाती रहीं। लेकिन जब उनका रिफिल नहीं आया, तो वो फिर से लकड़ी की ओर लौट गईं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में लकड़ी की कीमत 10 से बढ़कर 20 प्रति किलो हो गई है।संकट का असर खाने-पीने के कारोबार तक ही सीमित नहीं है। व्यवसाय ये बढ़ी हुई लागत उपभोक्ताओं पर डाल रहे हैं, जिससे खाने की कीमतें और महंगाई बढ़ रही है। यह संकट दक्षिणी और पश्चिमी राज्यों में सबसे गंभीर है, जबकि पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) के बुनियादी ढांचे वाले शहर अपेक्षाकृत कम प्रभावित हैं। इस संकट ने लॉन्ड्री और कांच-सिरेमिक जैसे कारखानों को भी प्रभावित किया है। पुणे में एक गैस चालित शवदाह गृह तक बंद करना पड़ गया। संसद के बाहर विपक्षी दलों ने प्रधानमंत्री के खिलाफ नारेबाजी की।सरकार के कदमों की बात करें तो 8 मार्च 2026 को सरकार ने आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत रिफाइनरियों को एलपीजी उत्पादन अधिकतम करने के आदेश दिए। घरेलू उत्पादन में करीब 25 फीसदी की बढ़ोतरी की गई। इसके अलावा लगभग 48,000 किलोलीटर केरोसीन वैकल्पिक ईंधन के रूप में जारी किया गया और शहरी इलाकों में सिलेंडर बुकिंग के बीच का न्यूनतम अंतराल 21 से बढ़ाकर 25 दिन कर दिया गया। 12,000 से अधिक छापे मारे गए और जमाखोरी एवं कालाबाजारी रोकने के लिए 15,000 से ज्यादा सिलेंडर जब्त किए गए। पेट्रोलियम मंत्रालय ने रेस्तरां, होटल और अन्य व्यावसायिक उद्योगों को एलपीजी आपूर्ति के लिए प्रतिनिधित्व की समीक्षा हेतु एक समिति बनाने की भी घोषणा की।हालांकि, कालरा ने बताया कि रेस्तरां केवल 19 किलो के व्यावसायिक सिलेंडर का उपयोग कर सकते हैं और घरेलू सिलेंडर पर नहीं जा सकते। करीब 75 फीसदी रेस्तरां एलपीजी पर निर्भर हैं, जबकि केवल 25 फीसदी के पास पाइप्ड गैस का विकल्प है।यह संकट कब तक चलेगा, यह सवाल सबसे बड़ा है। ईरान के राजदूत ने कहा कि उनका देश कुछ ईंधन जहाजों को भारत के लिए होर्मुज से गुजरने की अनुमति के लिए 22 जहाज अभी भी फारस की खाड़ी में फंसे हुए हैं। जब तक होर्मुज की राह नहीं खुलती और कूटनीतिक समाधान नहीं निकलता, भारत के लाखों खाने-पीने के कारोबारियों की थाली खाली और चूल्हा ठंडा ही रहेगा।



# भूमिहीन मजदूरों को बड़ी राहत, 10-10 हजार की सहायता राशि खातों में ट्रांसफर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**जगदलपुर, 26 मार्च।** राज्य शासन ने आर्थिक रूप से कमजोर और भूमिहीन परिवारों को संबल देने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए सत्र 2025-26 के लिए दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना की राशि का अंतरण किया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रायपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पात्र हितग्राहियों के बैंक खातों में 10-10 हजार रुपए की सहायता राशि सीधे ट्रांसफर की।इस अवसर पर बस्तर जिले के जगदलपुर और बकावंड स्थित जनपद पंचायत कार्यालयों में भी विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां बड़ी संख्या में हितग्राही शामिल हुए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री के संबोधन को सुना और योजना के लिए आभार व्यक्त किया।

हजारों परिवारों को मिला लाभ-आंकड़ों के अनुसार, बस्तर जिले में इस चरण में 12,487 ग्रामीण एवं 323 नगरीय हितग्राहियों को योजना का लाभ मिला। स्थानीय स्तर पर जगदलपुर जनपद पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में 2,895 तथा बकावंड में 2,781 हितग्राही सीधे लाभान्वित हुए।

जीवन स्तर सुधारने में मिलेगी मददयोजना के तहत दी गई 10 हजार रुपए की सहायता राशि भूमिहीन कृषि मजदूरों के लिए बड़ी राहत साबित होगी। इससे उनकी वार्षिक जरूरतों को पूरा करने और जीवन स्तर सुधारने में मदद मिलेगी।यह योजना राज्य सरकार की गरीब एवं वंचित वर्ग के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिससे हजारों परिवारों को आर्थिक मजबूती मिल रही है।

## समाचार संक्षेप

### कोंटा जुआ कांड पर सियासत तेज, कवासी लखमा ने भाजपा पर साधा निशाना

**जगदलपुर, 26 मार्च (तछसं.)।** कोंटा क्षेत्र में हाल ही में सामने आए जुआ प्रकरण को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। कोंटा के विधायक एवं पूर्व मंत्री कवासी लखमा ने भाजपा और राज्य की साय सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि प्रदेश में अवैध कारोबारों को संरक्षण मिल रहा है।पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने उड़ीसा के मल्कानगिरी से जारी अपने बयान में कहा कि कोंटा के जिस लॉज होटल में जुए का बड़ा मामला पकड़ा गया, उसका मालिक मुरली भाजपा का नेता है। उन्होंने आरोप लगाया कि संबंधित लॉज अंतर्राज्यीय जुआ और गांजा तस्करी का अड्डा बन चुका है और उस पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।गौरतलब है कि दो दिन पहले सुकमा जिला पुलिस ने कोंटा स्थित आरएसएन लॉज में छापेमारी कर जुए के बड़े मामले का खुलासा किया था। पुलिस ने लॉज मालिक सहित तेलंगाना और आंध्रप्रदेश के कुल 22 जुआरियों को गिरफ्तार किया। मौके से करीब 2 लाख रुपए नकद सहित कुल 11 लाख 50 हजार 400 रुपए की संपत्ति बरामद की गई थी। कवासी लखमा ने अपने बयान में आगे कहा कि छत्तीसगढ़, जो कभी धान का कटोरा कहलाता था, अब अवैध गतिविधियों का केंद्र बनता जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि दुर्ग से लेकर रायगढ़ तक अफीम की खेती हो रही है और प्रदेश में कानून व्यवस्था बिगड़ रही है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के अवैध व्यापार को सरकार का संरक्षण प्राप्त है और इसकी कड़ी निंदा की जानी चाहिए। लखमा के इस बयान के बाद जुआ प्रकरण ने राजनीतिक रंग ले लिया है और भाजपा-कांग्रेस के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है।



### विश्रामपुरी देव मेला देवी-देवताओं के परिक्रमा के साथ हुआ संपन्न

**कोण्डागांव, 26 मार्च ।** जिले के जनपद पंचायत विश्रामपुरी में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी देव मेला हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। इस पारंपरिक मेले में आस-पास के दूरदराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में देवी-देवताओं का आगमन हुआ, जिसे देखने और सहभागी बनने के लिए ग्रामीणों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। ग्रामवासियों ने देवी-देवताओं का पूरे विधि-विधान एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ स्वागत किया गया।

## एक नजर

### बुरुंगपाल में संगठन को सशक्त बनाने के लिए किया बूथ कमेटी का गठन



**जगदलपुर, 26 मार्च।** ग्राम पंचायत बुरुंगपाल में संगठन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से बूथ कमेटी का गठन किया गया। इस अवसर पर स्थानीय कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति में संगठन विस्तार और आगामी रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई।कार्यक्रम में वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि बूथ स्तर पर मजबूत संगठन ही किसी भी राजनीतिक दल की सफलता की आधारशिला होता है। इसी को ध्यान में रखते हुए सक्रिय और समर्पित कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपते हुए नई बूथ कमेटी का गठन किया गया। नवगठित कमेटी के सदस्यों को अपने-अपने क्षेत्रों में जनसमस्याओं के समाधान, संगठन की विचारधारा को आमजन तक पहुंचाने तथा आगामी चुनावों के लिए पूरी तैयारी के साथ जुटने का आह्वान किया गया।कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने और क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

### जनगणना के लिए फील्ड ट्रेनर्स को मिला प्रशिक्षण



**महासमुंद 26 मार्च ।** जनगणना के प्रथम चरण में पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में मकान सूचीकरण का कार्य 1 मई से शुरू होने वाला है। इस संबंध में कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी श्री विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में महासमुन्द, बागबाहरा, कोमाखान और तुमगांव चार्ज के लिए नियुक्त फील्ड ट्रेनर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण वन प्रशिक्षण शाला महासमुन्द में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा ने कहा कि फील्ड ट्रेनर्स गंभीरता पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करें क्योंकि उन्हें अपने अपने चार्ज में प्रगणक और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण देना है  इस अवसर पर जिला जनगणना अधिकारी मनोज कुमार खांडे ने भी आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया।तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान जनगणना कार्य निदेशालय रायपुर के उप संचालक मनोज कुमार महिलांगे तथा जिला मास्टर ट्रेनर तोषण गिरि गोस्वामी ने पावर पाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से जनगणना संबंधी अधिनियम , आधारभूत शब्दों, नजरी नक्शा तैयार करने की विधि तथा प्रगणक द्वारा पूछे जाने वाले कुल 34 प्रश्नों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रगणकों तथा सुपरवाइजरों द्वारा उपयोग किए जाने वाले मोबाइल एप में जानकारी भरने के तरीके की जानकारी दी गई।

इसके लिए मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रत्येक फील्ड ट्रेनर्स को उनके मोबाइल में एचएलओ एप इंस्टॉल और लॉगिन करवा कर व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। जहां फील्ड ट्रेनर्स ने अलग-अलग तरह की परिस्थितियों में मोबाइल एप में जानकारी भर कर देखाइस दौरान तहसीलदार भवानी शंकर साव, प्रभारी अधिकारी रणधीर सिंह बघेल, ओमनारायण शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# जगदलपुर में 22.67 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन,लोकार्पण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 26 मार्च।** जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में बुधवार को विकास कार्यों की नई इबारत लिखी गई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने कुल 22 करोड़ 67 लाख रुपए की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। इस दौरान सड़क संपर्क मजबूत करने और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार पर विशेष जोर दिया गया।कार्यक्रम के तहत माड़ियि चौक से बोधधाट थाना तक सड़क चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य लागत 4.99 करोड़ रुपए. महारानी अस्पताल में हिमोडायलिसिसए पैलिएटिव एवं कैंसर क्लिनिक भवन  4.62 करोड़ रुपए भवन 4.30 करोड़ रुपए दो वित्त कार्यालय भवन निर्माण 7.95 करोड़ रुपए तथा उप संचालक उद्यान भवन का लोकार्पण 80 लाख रुपए शामिल हैं।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक किरण देव ने कहा कि सरकार बस्तर को मुख्यधारा से जोड़ने और अंतिम व्यक्ति तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। महारानी अस्पताल में कैंसर क्लिनिक, डल्क् और अन्य सुविधाओं के निर्माण से क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि जिन सड़कों और भवनों की आधारशिला रखी गई हैए वे सिर्फ निर्माण कार्य नहीं बल्कि विकास के मजबूत आधार हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही सरकार की प्राथमिकता है।

जनता की मांग पर हो रहे कार्य-बेवरेज कॉर्पोरेशन अध्यक्ष श्रीनिवास राव ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्य तेज गति से हो रहे हैं और जनता की मांग के अनुरूप योजनाएं लागू की जा रही हैं। वहीं निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन ने कहा कि किरण देव के नेतृत्व में जगदलपुर में चौमुखी विकास हो रहा है और करोड़ों की सौगात जनता को मिल रही है।कई जनप्रतिनिधि रहे मौजूद-कार्यक्रम में पूर्व महापौर श्रीमती सफरी साहू, एमआईसी सदस्य निर्मल पानीग्राही, पार्षदगण, विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारीए पीडब्ल्यूडी अधिकारी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता और नागरिक उपस्थित रहे।

# जगदलपुर में 30 मार्च से 'खेलो इंडिया नेशनल ट्राइबल गेम्स-26' के तहत एथलेटिक्स प्रतियोगिता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 26 मार्च।** भारत की समृद्ध जनजातीय विरासत और खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच देने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ में आयोजित 'खेलो इंडिया नेशनल ट्राइबल गेम्स-2026' के तहत बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर में 30 मार्च से एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का आगाज होगा। यह आयोजन 2 अप्रैल तक चलेगा।इस राष्ट्रीय खेल आयोजन में देशभर के 26 से अधिक राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जो अपनी खेल प्रतिभा और सांस्कृतिक विविधता का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता का उद्घाटन बुधवार शाम रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में केंद्रीय खेल एवं युवा कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया के मुख्य आतिथ्य में तथा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उप मुख्यमंत्री एवं खेल मंत्री अरुण साव की उपस्थिति में किया जाएगा।

जगदलपुर के धरमपुरा स्थित क्रीड़ा परिसर में आयोजित होने वाली इन प्रतिस्पर्धाओं में मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र सहित पूर्वोत्तर राज्यों अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मिजोरम और नागालैंड के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। वहीं अंडमान-निकोबार और लक्षद्वीप से भी एथलीट अपनी प्रतिभा दिखाएंगे।

### ट्रैक और फील्ड में दिखेगा दम

चार दिवसीय प्रतियोगिता में ट्रैक स्पर्धाओं के तहत 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर और 1500 मीटर दौड़ आयोजित की जाएगी। लंबी दूरी में 5000 मीटर, 10,000 मीटर दौड़ और 10,000 मीटर रेस वॉक शामिल हैं।बाधा दौड़ में पुरुषों के लिए 110 मीटर और महिलाओं के लिए 100 मीटर हर्डल्स, साथ ही 400 मीटर हर्डल्स दोनोंों के लिए आयोजित होंगे। टीम इवेंट्स में 4म100 मीटर और 4म400 मीटर रिले रेस शामिल हैं।फील्ड स्पर्धाओं में लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, चक्का फेंक और भाला फेंक के मुकाबले भी आयोजित किए जाएंगे।

# श्रीराम जन्मोत्सव पर निकाली बाइक रैली,शहर में गूंजे जय श्रीराम के नारे



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 26 मार्च।**श्रीराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में बुधवार को विश्व हिंदू परिषद एवं श्रीराम जन्मोत्सव समिति के तत्वावधान में भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली की शुरुआत जगदलपुर के विधायक एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने भगवा ध्वज लहराकर की।यह बाइक रैली मां दंतेश्वरी मंदिर से प्रारंभ होकर मितली चौक, संजय मार्केट, अग्रसेन चौक, पीजी कॉलेज, गीदम रोड, कलेक्ट्रेट और कोतवाली होते हुए पुनः मां दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण में पहुंची। रैली के दौरान विधायक किरण सिंह देव स्वयं बाइक पर सवार होकर शामिल हुए और रास्ते में आमजन का अभिवादन किया। जगह-जगह लोगों ने रैली का गर्मजोशी से स्वागत किया।रैली में विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में युवाओं की सहभागिता रही। कार्यक्रम में प्रांत सह मंत्री रवि ब्रह्मचारी, विभाग सह मंत्री श्रीनिवास रेड्डी, श्रीराम जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष योगेंद्र कौशिक, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं समिति की उपाध्यक्ष ज़बीता मंडावी, जिला मंत्री नवीन देवांगन, बजरंग दल के विभाग संयोजक सिकंदर कश्यप, संयोजक विष्णु ठाकुर सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।कार्यक्रम का समापन मां दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण में हनुमान चालीसा पाठ, आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ। इस अवसर पर समिति की उपाध्यक्ष ज़बीता मंडावी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे धार्मिक आयोजनों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

# राजीव भवन में कांग्रेस की अहम बैठक में संगठन की मजबूती और आगामी रणनीति पर चर्चा की



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 26 मार्च।**संभाग मुख्यालय स्थित राजीव भवन, जगदलपुर में बुधवार को बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने की। इसमें नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, आगामी कार्ययोजना तय करने और पार्टी की रीति-नीति के अनुरूप कार्य करने का सामूहिक संकल्प लिया गया। साथ ही आने वाले कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।इस अवसर पर संबोधित करते हुए शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा कि सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पीसीसी और डीसीसी से मिलने वाले निर्देशों का अनुशासनपूर्वक पालन करें। उन्होंने संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि कांग्रेस का हर कार्यकर्ता जनता की आवाज बने और जनहित के मुद्दों को घर-घर तक पहुंचाए।उन्होंने भाजपा सरकार की नीतियों को आमजन के खिलाफ बताते हुए कहा कि इन नीतियों का पर्दाफाश करना कांग्रेस कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि कार्यकारिणी का प्रत्येक सदस्य अपने आप में एक नेतृत्वकर्ता है और सभी को मिलकर संगठन को सशक्त बनाना होगा।बैठक में यह भी संकल्प लिया गया कि आने वाले चुनावों में कांग्रेस को मजबूत किया जाएगा और प्रदेश में पुनः कांग्रेस सरकार बनाने के लिए कार्य किया जाएगा।इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसजन सहित शहर जिला कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मिडिल स्कूल प्रधान पाठक पदोन्नति सूची जारी होने से शिक्षकों में खुशी की लहर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 26 मार्च।** बस्तर संभाग में मिडिल स्कूलों के प्रधान पाठक पदोन्नति को लेकर लंबे समय से चल रही प्रक्रिया पर आखिरकार विराम लग गया है। संयुक्त संचालक शिक्षा एचआर सोम द्वारा 25 मार्च से पहले ही पदोन्नति सूची जारी कर दी गई, जिससे शिक्षकों में खुशी का माहौल है।जानकारी के अनुसार, प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजकिशोर तिवारी एवं सह सचिव चंद्रभूषण ठाकुर के निर्देश पर अमलेश ठाकुर के नेतृत्व में संघ के प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में संयुक्त संचालक से मुलाकात कर पदोन्नति में हो रही देरी पर चिंता जताई थी। इस दौरान अधिकारियों ने बताया था कि जिला शिक्षा अधिकारियों से प्राप्त वरिष्ठता सूची और सेवा पुस्तिकाओं में त्रुटियों के कारण प्रक्रिया में विलंब हो रहा था।संयुक्त संचालक एचआर सोम ने स्पष्ट किया था कि कई बार स्मरण पत्र भेजने के बावजूद अधूरी और त्रुटिपूर्ण जानकारी मिल रही थी, जिसे सुधार के लिए वापस भेजा जा रहा था। हालांकि अब अधिकांश विसंगतियों को दूर कर लिया गया है, जिससे पदोन्नति प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जा सका।संघ ने यह भी मांग रखी थी कि पदोन्नति प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी हो तथा काउंसलिंग के माध्यम से संपन्न कराई जाए। साथ ही वरिष्ठता सूची में प्राप्त सभी दावा-आपत्तियों का सूक्ष्म परीक्षण सुनिश्चित किया जाए। संयुक्त संचालक ने मांगों पर सकारात्मक रुख दिखाते हुए शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया था।पदोन्नति सूची जारी होने के बाद प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ ने संयुक्त संचालक शिक्षा एचआर सोम के प्रति आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर संगीता गोस्वामी, आशा निधि आनंद, राजेंद्र बघेल सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# नवरात्र पर रामायण महोत्सव व रामलीला का मंचन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 26 मार्च।** समलूर स्थित तपेश्वरी माता मंदिर परिसर में चैत्र नवरात्र पर्व पर रामायण महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न रामायण मंडलियों ने बारी-बारी से रामचरित मानस की चौपाइयों का सस्वर गायन कर विभिन्न प्रसंगों पर टीका प्रस्तुत किया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में भक्तजनों ने उपस्थित होकर रामायण कथा का रसपान किया।

जिन मानस मण्डलियों ने इसमें भाग लिया, उनमें घलर लोक कला, सांस्कृतिक व मानस मण्डली घोटपाल, सदा प्रेमानन्द मानस मण्डली भूतपदर गीदम, कल्कि रामायण मण्डली चन्देनार, स्वर धारा मानस परिवार पेन्टा, माड़िया मानस मण्डली गुमड़ा, तुलसी रामायण मण्डली नयापारा मंझारपारा बालूद, जय माँ दन्तेश्वरी मानस परिवार बचेली, माँ तपेश्वरी रामायण मण्डली समलूर के सदस्य शामिल थे। यह आयोजन माँ तपेश्वरी रामायण मण्डली एवं समस्त ग्रामवासी समलूर व माँ दन्तेश्वरी मानस संघ जिला दन्तेवाड़ा के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

### रामलीला का हुआ मंचन

रामायण महोत्सव के उपरांत इसी मंच पर कुआकोंडा ब्लॉक के ग्राम पेंटा के कलाकारों ने रामलीला का मंचन किया, जो देर रात तक चला। दर्शकों ने पूरे समय तक मौजूद रहकर रामलीला का लुत्फ उठाया।

### स्थापित हुए ज्योति कलश

तपेश्वरी माता मंदिर में इस वर्ष भी चैत्र नवरात्र पर ज्योति कलश स्थापित किए गए हैं, जिनमें श्रद्धालुओं ने भी कलश जलवाया है। रोजाना यहां अनुष्ठान किए जा रहे हैं।

# गैस एजेंसी में बाउंसरों की धक्कामुक्की से ग्राहक नाराज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 26 मार्च।** भिलाई स्थित शताक्षी गैस एजेंसी में संचालक ने बाउंसर तैनात कर रखे हैं सिलेंडर लेने गए एक ग्राहक के साथ बाउंसरों ने धक्का-मुक्की कर मारपीट की है जिसका वीडियो भी सामने आया है जिस पर बाकी ग्राहकों ने नाराजगी जताई, तो उनको भी चिल्लाते दिखे मामला खुर्सीपार थाना इलाके का है जानकारी के मुताबिक, बुधवार को गैस सिलेंडर लेने के लिए सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग लाइन में लगे थे। भीड़ अधिक होने के कारण एजेंसी संचालकों ने व्यवस्था बनाए रखने के लिए बाउंसर तैनात किया था इसी दौरान लाइन में खड़े एक युवक और बाउंसर के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया।बदेखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि, बाउंसर ने युवक के साथ मारपीट शुरू कर दी। लाइन में खड़े बाकी ग्राहकों के साथ भी धक्का-मुक्की की गई। घटना की सूचना मिलते ही खुर्सीपार पुलिस मौके पर पहुंची और मामले को शांत कराया प्रबंधन बोलने से बच रहा, पुलिस में कोई शिकायत नहीं पुलिस ने लोगों से बातचीत कर मामले की जानकारी ली हालांकि गैस एजेंसी के प्रबंधक ने इस मामले में कुछ भी बोलने से साफ मना कर दिया और मीडिया से दूरी बनाए रखी पुलिस का कहना है कि, अभी तक इस मामले में किसी ने भी लिखित शिकायत नहीं दी है शिकायत मिलने के बाद जांच कर कार्रवाई की जाएगी ग्राहकों के साथ होती है बदसलूकी स्थानीय लोगों का आरोप है कि, गैस एजेंसी में अक्सर अव्यवस्था रहती है और ग्राहकों के साथ सही व्यवहार नहीं किया जाता है  लोगों ने प्रशासन से एजेंसी की व्यवस्था सुधारने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है शहर में गैस एजेंसियों पर बढ़ती भीड़ और बाउंसर तैनाती का मुद्दा अब चर्चा में है। आम जनता का कहना है कि, सिलेंडर लेने के लिए लंबी लाइन लगानी पड़ती है ऊपर से मारपीट और बदसलूकी की जा रही है

एक नजर

## भाजपा का 'अटल घोषणा पत्र' जनता के साथ फरेब : कन्हैया

**रायपुर 26 मार्च।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री श्री कन्हैया अग्रवाल ने प्रदेश की भाजपा सरकार और नगरीय निकायों पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय चुनाव 2024 के दौरान भारतीय जनता पार्टी ने जनता से बड़े-बड़े वादे किए थे, जिन्हें आज 'ट्रिपल इंजन' की सरकार पूरी तरह भूल चुकी है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी और अटल घोषणा पत्र के वादे धरातल पर केवल झूठ और जनता के साथ फरेब साबित हो रहे हैं। श्री अग्रवाल ने भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र की याद दिलाते हुए तीन मुख्य बिंदुओं पर सरकार को घेरते हुए कहा कि महिलाओं को संपत्ति कर में 25% छूटः भाजपा ने वादा किया था । निकाय क्षेत्रों में महिलाओं के नाम पर दर्ज संपत्तियों के कर में 25% की भारी छूट दी जाएगी। आज तक इस पर कोई अमल नहीं हुआ है। पुराने बकाया पर ब्याज माफी की घोषणा भी अधूरी। घोषणा पत्र में वादा था कि संपत्ति कर के जितने भी पुराने लंबित मामले हैं, उनका एकमुश्त निपटारा करने पर लगे हुए ब्याज को पूरी तरह माफकिया जाएगा। सरकार इस वादे से भी मुकर गई है। विधानसभा चुनाव के दौरान पांच सौ रुपए में गैस सिलेंडर देने की घोषणा की गई थी पर हालात यह है कि 2500 रुपए में भी गैस सिलेंडर लोगों को मिल नहीं पा रहा है ।

## आईटीएम यूनिवर्सिटी में एडमिशन शुरू

**रायपुर 26 मार्च।** आईटीएम यूनिवर्सिटी रायपुर ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से शैक्षणिक सत्र 2026 के लिए एडमिशन प्रक्रिया शुरू करने और नए प्रॉस्पेक्टस लॉन्च करने की घोषणा की। विश्वविद्यालय ने इस अवसर पर कई नए और आधुनिक कोर्स पेश किए, जिनमें बैंकिंग और फाइनेंशियल सर्विसेज के स्पेशलाइज्ड प्रोग्राम शामिल हैं, जो वर्तमान इंडस्ट्री की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किए गए है। इस वर्ष हॉस्पिटैलिटी प्रोग्राम्स में ग्लोबल करियर पाथवे भी शुरू किए गए है. जिसके तहत छात्रों को विदेशों में इंटर्नशिप और इंटरनेशनल एक्सपोजर के अवसर मिलेंगे। इस मौके पर प्रो वाइस चांसलर डॉ. लक्ष्मी मूर्ति ने कहा, 'हमारे नए प्रोग्राम्स, खासकर बैंकिंग और ग्लोबल हॉस्पिटैलिटी पाथवे, छात्रों को तेजी से बदलते इंडस्ट्री वातावरण के लिए तैयार करते हैं। हाल ही में आयोजित जॉब फेयर में 1000 से अधिक उम्मीदवारों ने भाग लिया, जहां 80 से ज्यादा कंपनियों ने हिस्सा लेकर लगभग 250 छात्रों को स्पॉट ऑफर दिए। यह हमारी मजबूत इंडस्ट्री कनेक्ट को दर्शाता है। ग्रुप डायरेक्टर धर्मवीर धीर ने एडमिशन प्रक्रिया पर जोर देते हुए कहा, आईटीएम यूनिवर्सिटी रायपुर में सभी एडमिशन पूरी तरह मेरिट के आधार पर होते हैं। यहां किसी भी प्रकार की डोनेशन, कैपिटेशन फीस या सिफारिश की कोई जगह नहीं है। उन्होंने आगे बताया, 'हम शिक्षा को सुलभ बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पिछले वर्ष यूनिवर्सिटी ने करीब 1 करोड़ रुपये की स्कॉलरशिप छात्रों को दी थी, और हम इसे आगे और बढ़ाने की दिशा में काम कर रहे हैं।

## जल प्रबंधन के माध्यम से जल उपलब्धता को किया सशक्त

**रायपुर 26 मार्च।** छत्तीसगढ़ में स्थित अल्ट्राटेक की इंटीग्रेटेड मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट्स, हिरमी सीमेंट वर्क्स, रावन सीमेंट वर्क्स, कुकुरडीह सीमेंट वर्क्स और बैकुंठ सीमेंट वर्क्स ने विश्व जल दिवस के अवसर पर जिम्मेदार जल प्रबंधन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः दोहराया है। ये यूनिट्स प्रभावी जल प्रबंधन प्रक्रियाओं और मजबूत प्रशासनिक प्रणालियों के माध्यम से जल संरक्षण के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। यूनिट्स अपने परिसरों के भीतर और आसपास के समुदायों में जल की हार्वेस्टिंग, उपयोग में कमी, पुनः उपयोग और रीसाइक्लिंग को बढ़ावा देने के लिए सक्रिय पहल कर रही हैं, जिसमें उनके सामुदायिकजलसंरक्षणपहलकी महत्वपूर्ण भूमिका है। बलौदा बाजार के पास स्थित हिरमी सीमेंट वर्क्स के कम्युनिटी वाटरशेड प्रोजेक्ट ने अपनी शुरुआत से ही उल्लेखनीय प्रगति की है। वर्ष 2025 में यूनिट ने 68,000 घन मीटर से अधिक जल की हार्वेस्टिंग और रिचार्जिंग की, जबकि परियोजना की शुरुआत से अब तक कुल 93 लाख घन मीटर से अधिक जल की हार्वेस्टिंग और रिचार्जिंग की जा चुकी है। इन प्रयासों के तहत, यूनिट ने 31 मार्च 2025 तक अपने संचालन क्षेत्रों में कुल 07चेक डैम और 32 तालाबों का गहरीकरण किया है। इससे वित्त वर्ष 2025 तक 3200 से अधिक किसानों को लाभ मिला है, जबकि वर्ष 2025 में ही 1700 किसानों को इसका सीधा लाभ प्राप्त हुआ है।

# महाअष्टमी पर मंदिरों में हवन, आस्था का सैलाब

### शिवधाम में मां काली (अघोरेश्वरी) का दर्शन करने उमड़ी भीड़

**रायपुर 26 मार्च।** नवरात्रि के आठवें दिन महाअष्टमी के अवसर पर राजधानी रायपुर के देवी मंदिरों में भक्तिमय माहौल देखने को मिल रहा है। आज मां महागौरी की पूजा की जा रही है और शहर के तमाम मंदिरों में विशेष धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। अष्टमी के मौके पर रायपुर के विभिन्न देवी मंदिरों में सुबह से ही हवन, पूजन और आरती का दौर जारी है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए मंदिरों में पहुंच रहे हैं, जिससे हर जगह आस्था का सैलाब नजर आ रहा है। ग्राम तुलसी(पाटन) स्थित शिवधा में मां काली अघोरेश्वरी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ सुबह से उमड़ पड़ी थी।सुबह यहां हवन में भक्त जनों ने आहुतियां दी।

रावांभाठा स्थित बंजारी माता मंदिर में भी सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। श्रद्धालु माता के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं। बंजारी माता मंदिर को लेकर मान्यता है कि इसे बंजारा समाज द्वारा खोजा गया था, जिसके कारण इसका नाम बंजारी माता मंदिर पड़ा। मंदिर के गर्भगृह में स्थापित प्रतिमा को लेकर कहा जाता है कि यह मां बगलामुखी की मूर्ति है, जो पास के जंगल से प्राप्त हुई थी। मां बंजारी मंदिर से जुड़ी एक खास मान्यता भी प्रचलित है। बताया जाता है कि यहां दर्शन के लिए नाग-नागिन के जोड़े आते हैं। पुजारियों के अनुसार पहले एक जोड़ा देखा जाता था, लेकिन अब समय के साथ कई जोड़े यहां नजर आने लगे हैं।



## नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के बंद पड़े 123 स्कूल फिर से गुलजार

**रायपुर 26 मार्च।** नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शिक्षा की नई अलख, सरकार और सुरक्षाबलों की पहल से जगी है, दुर्गम इलाकों में मॉडल स्कूल, 'नियद नेल्ला नार' जैसी योजनाओं और समर्पित शिक्षकों के माध्यम से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल रही है, जो अब फर्राटेदार अंग्रेजी बोलकर और तकनीकी कौशल सीखकर अपना भविष्य संवार रहे हैं। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुदूर क्षेत्रों में अब शिक्षा का उजाला फिर से फैलने लगा है। शासन के सतत प्रयासों और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में चल रही योजनाओं के कारण सुकमा जिले में बंद पड़े स्कूलों को पुनः संचालित किया गया है, जिससे शिक्षा व्यवस्था को नई मजबूती मिली है। अब इन क्षेत्रों में बंदूक की गूंज की जगह स्कूलों में बच्चों की पढ़ाई, ककहरा और किताबों की सरसराहट सुनाई दे रही है, जो एक उज्ज्वल और सुरक्षित भविष्य का संकेत है। वर्ष 2006 में माओवादी प्रभाव और सलवा जुडूम आंदोलन के चलते सुकमा जिले के कुल 123 स्कूल बंद हो गए थे, जिनमें 101 प्राथमिक और 21 माध्यमिक विद्यालय शामिल थे। प्रशासन के लगातार प्रयासों से अब इन सभी स्कूलों को पुनः प्रारंभ कर दिया गया है। वर्तमान में जिले में एक भी ऐसा विद्यालय नहीं है जो नक्सल प्रभाव के कारण बंद हो। नक्सल आतंक से कभी छूटा था स्कूल, अब सुशासन से फिर जागी शिक्षा की अलख,उम्मीदों को मिल रहा सहारा। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भय के कारण बंद हुए स्कूल फिर से खुल रहे हैं। स्कूल छोड़ चुके बच्चों की स्कूल में वापसी हो रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में शिक्षा का उजियारा बस्तर क्षेत्र की हर दिशा में फैल रहा है। शिक्षा के विस्तार और छात्रों के बेहतर भविष्य को ध्यान में रखते हुए जिले में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ किया गया है। वर्तमान में 16 पोटा केबिन (आवासीय विद्यालय) संचालित हैं, जिनमें 6,722 छात्र अध्ययनरत हैं। इसके साथ ही 16 पोटा केबिन छात्रावासों में 1,389 विद्यार्थी रहकर अपनी पढ़ाई कर रहे हैं। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय टाइप-3 (कक्षा 6वीं से 12वीं) के 3 विद्यालयों में 600 छात्राएं तथा टाइप-4 (कक्षा 9वीं से 12वीं) के 2 छात्रावासों में 200 छात्राएं लाभान्वित हो रही हैं। वर्ष 2024-25 में नियद नेल्ला नार योजना के अंतर्गत सुकमा जिले के चयनित गांवों में 07 नए प्राथमिक विद्यालय खोले गए हैं, जिनमें अब तक 210 बच्चों ने प्रवेश लिया है। भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए प्रशासन द्वारा 19 और नए विद्यालय खोलने का प्रस्ताव तैयार किया गया है, जिससे शिक्षा का दायरा और अधिक विस्तृत होगा। जमीनी स्तर पर हो रहे ये सकारात्मक बदलाव न केवल बच्चों के भविष्य को संवार रहे हैं।

## सहकारिता विभाग में भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी का खुला खेल: कांग्रेस

**रायपुर 26 मार्च।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस वरिष्ठ प्रवक्ता घनश्याम राजू तिवारी ने प्रदेश की भाजपा सरकार और सहकारिता विभाग पर भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और तानाशाही का गंभीर आरोप लगाते हुये कहा कि विभाग के मंत्री, सचिव और पंजीयक की तिकड़ी ने सहकारिता के मूल सिद्धांतों की हत्या कर दी है। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक रायपुर के लगभग 850 कर्मचारियों के वैध वार्षिक वेतन वृद्धि को रोकना भ्रष्टाचार का खुला उदाहरण है।

कांग्रेस वरिष्ठ प्रवक्ता तिवारी ने आरोप लगाते हुये कहा कि, प्रदेश सहकारिता मंत्री केदार कश्यप के भाई दिनेश कश्यप जगदलपुर जिला सहकारी बैंक के (प्राधिकृत) अध्यक्ष है, उन्होने कथित चंदा उगाही कर कर्मचारियों के 6 वर्षों के रुके हुए वेतन को पंजीयक के मार्गदर्शन में आनन-फानन में बहाल कर दिया है। वहीं, रायपुर के 850 कर्मचारियों के मामले में विभाग जानबूझकर अड़ंगे लगा रहा है। क्या नियम केवल चंदा देने वालों के लिए बदले जाते हैं? कांग्रेस वरिष्ठ प्रवक्ता तिवारी ने रायपुर के कर्मचारी जब माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर से अपना हक जीत गए, तो उनके विरुद्ध माननीय उच्चतम न्यायालय (दिल्ली) में याचिका दायर करना शासकीय धन और समय की बर्बादी है। यह कर्मचारियों के परिवारों के विरुद्ध एक व्यक्तिगत लड़ाई है, जिसे जनता के पैसे से लड़ा जा रहा है। कांग्रेस वरिष्ठ प्रवक्ता तिवारी ने रायपुर सीईओ अपेक्षा व्यास और तत्कालीन संयुक्त पंजीयक टावरी की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि, अधिकारी खुद को विधानसभा और शासन से ऊपर समझ रहे हैं। फाइलों पर मनमाने आदेश टाइप करवाकर दलालों के जरिए हस्ताक्षर करवाने का खेल चल रहा है। कांग्रेस वरिष्ठ प्रवक्ता तिवारी ने तंज कसते हुए कहा कि, ऐसा प्रतीत होता है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री का प्रशासन पर कोई नियंत्रण नहीं है, तभी तो अधिकारी और मंत्री अपनी मनमर्जी चला रहे हैं। कांग्रेस वरिष्ठ प्रवक्ता घनश्याम राजू तिवारी ने कहा कि, इस विषय पर केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह इस गंभीर भ्रष्टाचार और नियमों के उल्लंघन पर तत्काल संज्ञान लें।

## उपभोक्ताओं को रसोई गैस समय पर उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

**रायपुर 26 मार्च।** प्रदेश में गैस की उपलब्धता एवं वितरण प्रणाली के संबंध में ऑयल कंपनियों के क्षेत्रीय प्रबंधकों के साथ खाद्य विभाग की सचिव श्रीमती रीना बाबा साहब कंगाले ने समीक्षा बैठक ली।

बैठक में एलपीजी की उपलब्धता, वितरण प्रणाली एवं उपभोक्ता संस्थानों को प्राथमिकता के आधार पर गैस आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में निर्णय लिया गया कि कमर्शियल एलपीजी उपभोक्ता संस्थानों एवं प्रतिष्ठानों को विगत माह की कुल खपत के अधिकतम 20 प्रतिशत तक ही एलपीजी प्रदाय किया जाएगा। इसके साथ ही शहरी क्षेत्रों में 25 दिवस तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिवस के भीतर एलपीजी रिफिल की ऑनलाइन बुकिंग सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि उपभोक्ताओं को समय पर गैस मिल सके। जिला प्रशासन को सभी एलपीजी वितरकों के कार्यालय एवं गोदामों में पुलिस एवं होमगार्ड के माध्यम से सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे भीड़भाड़ एवं अव्यवस्था की स्थिति न बने। साथ ही वितरकों को अपने दूरभाष नंबर सक्रिय रखने एवं उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश भी दिए गए हैं।



उपलब्ध स्टॉक को ध्यान में रखते हुए विभिन्न संस्थानों के लिए प्राथमिकता श्रेणियां निर्धारित की गई हैं। इनमें शैक्षणिक संस्थान एवं चिकित्सालय, सैन्य एवं अर्द्धसैन्य कैंप, जेल, होटल, समाज कल्याण विभाग के संस्थान, रेलवे एवं एयरपोर्ट कैंटीन, शासकीय कार्यालय, गेस्ट हाउस, पशु आहार उत्पादक इकाइयां तथा रेस्टोरेंट शामिल हैं।

बैठक में यह भी तय किया गया कि कमर्शियल एलपीजी स्टॉक की उपलब्धता एवं वितरण की दैनिक समीक्षा ऑयल कंपनियों द्वारा की जाएगी तथा इसकी जानकारी प्रतिदिन विभाग को उपलब्ध कराई जाएगी।

इस अवसर पर खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग की संचालक डॉ. फरिहा आलम, छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के सदस्य सचिव श्री राजीव कुमार जायसवाल, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के मंडल एलजी प्रमुख श्री श्रीपाद बक्षी, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन के प्रादेशिक प्रबंधक श्री दिलीप मीणा, हिंदुस्तान पैट्रोलियम कॉरपोरेशन के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री मंगेश डोंगरे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## वेदांता एल्युमीनियम ने वैश्विक कंपनियों में जगह बनाई

**रायपुर 26 मार्च।** भारत की सबसे बड़ी एल्युमीनियम उत्पादक कंपनी वेदांता एल्युमीनियम को एसएंडपी ग्लोबल सस्टेनेबिलिटी ईयरबुक 2026 में दुनिया की टॉप 10त्न कंपनियों में शामिल किया गया है। कंपनी को यह स्थान कॉर्पोरेट सस्टेनेबिलिटी असेसमेंट (सीएसए) में 84/100 के मजबूत स्कोर के आधार पर मिला है। एल्युमीनियम उद्योग में कंपनी को पहली बार टॉप 10त्न कंपनियों में स्थान मिला है। इससे पहले भी कंपनी ने वैश्विक स्तर पर मजबूत प्रदर्शन करते हुए एसएंडपी ग्लोबल सीएसए 2025 में लगातार तीसरे साल दुनिया में दूसरा स्थान हासिल किया था।

इस आकलन चक्र में 59 उद्योगों की 9,200 से अधिक कंपनियों का मूल्यांकन किया गया, जिनमें से केवल 848 कंपनियाँ ही वार्षिकी सदस्य बनने के लिए योग्य ठहराई गईं। टॉप 10% की मान्यता उन चुनिंदा कंपनियों को दी जाती है, जो अपने-अपने क्षेत्रों में दुनिया भर की अन्य कंपनियों की तुलना में सस्टेनेबिलिटी (स्थिरता) के मामले में बेहतर प्रदर्शन करती हैं।

सतत विकास वार्षिक पुस्तक का आधार एस एंड पी ग्लोबल का कॉर्पोरेट सस्टेनेबिलिटी असेसमेंट (सीएसए) है, जो दुनिया की सबसे व्यापक ईएसजी (पर्यावरण, सामाजिक) और शासन मूल्यांकन पद्धतियों में से एक माना जाता है। यह आकलन कंपनियों का मूल्यांकन पर्यावरण, सामाजिक और शासन से जुड़े कई मानकों के आधार पर करता है, जिनमें जलवायु कार्रवाई, पारदर्शिता, जोखिम प्रबंधन और जिम्मेदार व्यावसायिक आचरण जैसे पहलू शामिल होते हैं। इस सूची में वेदांता एल्युमीनियम का शामिल होना इन महत्वपूर्ण ईएसजी क्षेत्रों में कंपनी की लगातार प्रगति को दर्शाता है।

## मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने 600 छात्राओं को दिखाई द केरल स्टोरी-2

**रायपुर 26 मार्च।** महिला एवं बाल विकास मंत्री एवं भटगांव विधायक लक्ष्मी राजवाड़े के मार्गदर्शन में सूरजपुर जिले में विभिन्न महाविद्यालयों की लगभग 600 छात्राओं को सामाजिक विषय पर आधारित फिल्म 'द केरल स्टोरी 2' दिखाई गई।

मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि बदलते सामाजिक परिवेश में बेटियों को शिक्षित, जागरूक और आत्मनिर्भर बनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि छात्राओं को समाज में घटित होने वाली विभिन्न परिस्थितियों और चुनौतियों की जानकारी मिलना जरूरी है, ताकि वे सही निर्णय लेने में सक्षम बन सकें और अपने जीवन को सुरक्षित एवं सशक्त दिशा दे सकें। उन्होंने कहा कि बेटियों का आत्मविश्वास और जागरूकता ही उनके सुरक्षित भविष्य की सबसे बड़ी ताकत है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्राओं ने सहभागिता करते हुए सामाजिक मुद्दों पर आधारित इस फिल्म को देखा और महत्वपूर्ण संदेशों से अवगत हुईं।

मंत्री राजवाड़े ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं और बालिकाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों और पहलों के जरिए बेटियों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। सरकार का प्रयास है कि प्रदेश की हर बेटी शिक्षा, सुरक्षा और स्वाभिमान के साथ आगे बढ़े तथा समाज में सकारात्मक वातावरण का निर्माण हो।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने फिल्म के माध्यम से सामाजिक विषयों को समझने और स्वयं को सतर्क एवं आत्मविश्वासी बनाने की बात कही। उन्होंने इस पहल के लिए मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि इस प्रकार के आयोजन उन्हें जीवन में जागरूक और जिम्मेदार बनने की प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, शिक्षकगण, महाविद्यालय के प्राध्यापक, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में छात्राएँ उपस्थित रहीं।



### छत्तीसगढ़ में फिल्म निर्माण को मिलेगी नई दिशा

**रायपुर 26 मार्च।** संस्कृति एवं राजभाषा संचालनालय में छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम की अध्यक्ष सुश्री मोना सेन की अध्यक्षता में रि  प्ट समिति के गठन हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक प्रदेश में फिल्म निर्माण की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने तथा छत्तीसगढ़ की समृद्ध कला और सांस्कृतिक विरासत को सिनेमा के माध्यम से व्यापक पहचान दिलाने की दिशा में एक अहम पहल के रूप में देखी जा रही है। संस्कृति विभाग के संचालक श्री विवेक आचार्य ने सिनेमा और संस्कृति के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस दौरान विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों और क्षेत्रों से जुड़े विशेषज्ञों ने सहभागिता करते हुए अपने महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए। बैठक में इंदिरा कला एवं संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ के अधिष्ठाता प्रो. डॉ. राजन यादव, ललित कला अकादमी नई दिल्ली के फोटो अधिकारी श्री अभिमन्यु सिन्हा, प्रसार भारती आकाशवाणी रायपुर से पद्मश्री डॉ. राधेश्याम तारक तथा प्रसार भारती दूरदर्शन रायपुर के कार्य  म अधिकारी श्री पी.के. पाठक उपस्थित रहे।

## व्यापारियों की कानूनी समस्याओं के समाधान के लिए चेम्बर की पहल

**रायपुर 26 मार्च।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष श्री सतीश थौरानी ने व्यापारिक हितों के संरक्षण और व्यापारियों को तकनीकी व कानूनी अड़चनों से राहत दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। चेम्बर द्वारा प्रदेश भर के विषय विशेषज्ञों को विभिन्न विभागों के लिए सलाहकार के रूप में नियुक्त किया गया है यह विशेषज्ञ टीम व्यापारियों को जीएसटी, आयकर, बैंकिंग और श्रम कानून जैसे जटिल विषयों पर आ रही परेशानियों का निराकरण करने और उन्हें सही मार्गदर्शन देने के लिए सीधे संपर्क में रहेगी। जीएसटी एवं अप्रत्यक्ष कर विभाग में चेतन तारवानी, दयाल राजपाल, रवि ग्वालानी, योगेश वर्ल्यानी, भावेश मित्तल, जितेन्द्र खनूजा, नितिन गोयल और रश्मि वर्मा सहित 23 अनुभवी विशेषज्ञों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। ये विशेषज्ञ रायपुर, बिलासपुर, अंबिकापुर, भिलाई और अन्य शहरों के व्यापारियों को जीएसटी संबंधी कानूनी पेचीदगियों पर सलाह देंगे।

आयकर एवं मुकदमेबाजी से संबंधित व्यापारियों को आयकर से संबंधित नोटिस और अन्य विधिक कार्यों में सहयोग के लिए हार्दिक पाटनी, मुकुल चोरड़िया, डिंपल वर्ल्यानी और रितेश जायसवाल सहित 9 विशेषज्ञों की टीम गठित की गई है। MSME सब्सिडी, बैंकिंग एवं वित्त जैसे विषय पर छोटे और मध्यम उद्योगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने और बैंकिंग संबंधी सहायता के लिए अरिहंत जैन, दाहवाल शाह और विक्रम देवनानी सहित 9 सलाहकार नियुक्त किए गए हैं। साथ ही श्रम कानून और रेरा से संबंधित विषयों के लिए हिमांशु लालवानी और सी.ए. टुटेजा जी को विशेषज्ञ नियुक्त किया गया है।

**पत्रकार वार्ता** | सरकार गैस नहीं दे पा रही अब केवाईसी का बहाना बनाया जा रहा

## छत्तीसगढ़ को भाजपा के नेताओं ने एटीएम बना लिया है:बैज

**रायपुर 26 मार्च ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने राजीव भवन में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2026 को कांग्रेस ने राष्ट्रीय स्तर पर संगठन सृजन का वर्ष घोषित किया है। छत्तीसगढ़ में भी संगठन सृजन के माध्यम से जिला अध्यक्षों का चयन किया जा चुका है। ब्लाक कांग्रेस अध्यक्षों का चयन भी किया जा चुका है। मंडल अध्यक्षों का भी चयन हो चुका है। जिला एवं ब्लाक स्तर की कार्यकारिणी बनाने का काम प्रगति पर है। 31 मार्च तक सभी जिलों में जिला एवं ब्लॉक की कार्यकारणी का गठन पूरा कर लिया जायेगा। हमने संगठन के निचले पायदान पर भी गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। वार्डो, ग्रामों एवं बूथ कमेटियों के भी पुनरीक्षण का काम चल रहा है। मैंने बस्तर, दंतेवाड़ा, महासमुंद, रायगढ़, जशपुर, अंबिकापुर, सूरजपुर, कोरबा ग्रामीण जिलों का दौरा कर 10 जिलों, 20 विधानसभा क्षेत्र के बूथ, वार्ड, ग्राम कमेटियों के गठन की प्रक्रिया में शामिल हुआ। संगठन के विस्तार में कार्यकर्ता, नेताओं का जबरदस्त उत्साह है। 31 मार्च तक हमारा सांगठनिक ढांचा पूरी तरह तैयार हो जायेगा।



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ को एटीएम समझ लिये है। अब एक नया खुलासा हुआ है कि सारे नियम कायदे को ताक पर रखकर आबकारी विभाग में मेनपावर सप्लाई को ठेका भाजपा के एक राष्ट्रीय सचिव की कंपनी को दे दिया गया। आबकारी विभाग में मेनपावर सप्लाई का 300 करोड़ रू. टेंडर हुआ, जिसमें 148 कंपनियो ने भाग लिया। जिसमें से कंपनी चयनित हुई, इसमें से दो कंपनी एसआईएस कैश सर्विसेस लिमिटेड तथा डस्टर टोटल सॉल्यूशन सर्विसेस प्रा. लि. एक मालिक की है। दोनों के मालिक भाजपा के राष्ट्रीय सचिव है, जो गुजरात से आते है। जबकि टेंडर की शर्तो मे साफलिखा था कि एक मालिक की दो कंपनी का चयन नहीं हो सकता है। गुजरात के किस प्रभावशाली नेता के ईशारे पर यह काम दिया गया, प्रदेश की जनता जानना चाहती है। ईडी, ईओडब्लू और सीबीआई क्या मेन पावर सप्लाई के ठेके की गड़बड़ी का भी जांच करेगी।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि पहले खुलासा हुआ कि भाजपा के एक राष्ट्रीय नेता ने छत्तीसगढ़ में सत्ता में हुये लोगो 1500 करोड़ रू. मांगा इसका वीडियो भी वायरल हुआ था, इस बारे में सरकार के तरफसे कोई स्पष्टीकरण नहीं आया। मुख्यमंत्री कार्यालय का सोशल मीडिया देख रहे एक व्यक्ति के गिरफ्तारी की बाते भी खूब चर्चा में थी।

छत्तीसगढ़ से लगातार नोटों से भरी गाड़ी गुजरात के लिये जाते हुये पकड़ाना संयोग मात्र नहीं है। लोग जानना चाहते है गुजरात किसके पास यह पैसा भेजा जा रहा था। इन घटनाक्रमों से साफहो रहा है कि छत्तीसगढ़ को भाजपा ने एटीएम कार्ड समझ रखा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि अफीम की अवैध खेती के लिए भाजपा सरकार और सत्ता में बैठे नेताओं के संरक्षण मे प्रदेश में दीनदयाल अफीम संवर्धन योजना चला रही है। प्रदेश के कद्दावर मंत्रियों के गृह जिलों में विगत 17 दिनों के भीतर 6 बड़े मामलों का खुलासा हुआ है। बेखौफहोकर अफीम की खेती का दुस्साहस बिना सत्ता के संरक्षण के संभव नहीं है।

## माँ कर्मा की जयंती समाज की एकता का प्रतीक

**रायपुर 26 मार्च।** तहसील भिंभौरी अंतर्गत ग्राम नेवनारा में माँ कर्मा जयंती के पावन अवसर पर भव्य भूमिपूजन एवं लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया। इस गरिमामयी कार्यक्रम में भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी शामिल हुए और ग्रामवासियों के साथ इस शुभ अवसर के साक्षी बने। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के माननीय विधायक दीपेश साहू उपस्थित रहे। इस अवसर पर माँ कर्मा जयंती के साथ-साथ विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया, जिससे क्षेत्र के विकास को नई गति मिलने की उम्मीद व्यक्त की गई। कार्यक्रम के दौरान लोक कला मंच द्वारा जय धरती माँ के बेटी पंडवानी पार्टी की शानदार प्रस्तुति दी गई, जिसने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति की झलक ने पूरे आयोजन को विशेष बना दिया और ग्रामीणों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए योगेश तिवारी ने कहा कि माँ कर्मा जयंती केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक आस्था, परंपरा और समाज की एकता का प्रतीक है। ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने, हमारी



सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि ग्राम स्तर पर इस प्रकार के कार्यक्रम आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता को मजबूत बनाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि माँ कर्मा का जीवन हमें कर्म, सेवा और समाज के प्रति समर्पण का संदेश देता है। हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाते हुए समाज के उत्थान और विकास के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26